दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। रविवार 30 जून -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 261 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## प्रोफेसर राम गोपाल यादव को दी उनके 78वें जन्मदिन पर बधाई









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव का 78वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने प्रोफेसर रामगोपाल यादव को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनोज गुप्ता ने सांसद अक्षय यादव से भी मुलाकात की। जन्मदिन के अवसर पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव गाजियाबाद में वैशाली स्थित कृष्णा भवन में भी आये। यहां उनके जन्मदिन पर हवन पूजन किया गया। इस हवन में पूर्व एमएलसी राकेश यादव व अन्य लोग भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लाल कुएं वाली ऐलिवेटिड रोड पर लग गए हैं क्या ब्रेक!

## सांसद ने की थी घोषणा और सूत्र बता रहे हैं कि राह में आ गई है तकनीकी बाधा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। लालकुंआ से शुरू होकर मेट्रो स्टेशन शहीद स्थल तक आने वाले ऐलिवेटेड रोड की राह में ब्रेक लग गये हैं। गौरतलब है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने जब लोनी को लेकर पत्र लिखा था तो उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी प्राथमिकताओं में लाल कुआं से शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन तक बनने वाला ऐलिवेटिड रोड भी है। लोकसभा सांसद का ये प्रस्ताव था और इसके बाद ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक काबू हो जाती। लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि लाल कुंआ से शुरू होने वाली ऐलिवेटिड रोड फिलहाल रूक गई है। इससे पहले ये सफर फाईलो में शुरू होता और जमीन पर लागू होता। उससे पहले ही इसमें ब्रेक लगे हैं।

**यहां बहुत पहले ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए ठाकुर द्वारा फ्लाईओवर बनाया गया था। लेकिन ये फ्लाईओवर संकरा होने के कारण उतना कामयाब नहीं हुआ और इसकी चौड़ाई कम है।**

विभागीय सूत्र बता रहे हैं कि तकनीकी बाधा आ गई है और फाईल पर ऑब्जेक्शन लग गया है। वजह तकनीकी बतायी जाती हैऔर माना ये जा रहा है कि ऐलिवेटिड रोड की राह में ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर मुख्य रूप से आया है और इसके अलावा यहां पर कई ऐसी तकनीकी दिक्कत आ गई है जिनका समाधान होना जरूरी है। सूत्र बता रहे हैं कि फाईल पर ऑब्जेक्शन लग गया है और विकल्प के रूप में कुछ भी आ सकता है लेकिन ऐलिवेटिड रोड नहीं आ रहा है। अब ऐलिवेटिड रोड की ये बाधा कब और कैसे दूर होगी फिलहाल इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

### भाटिया मोड से लेकर चौधरी मोड तक लगता है यातायात जाम

करंट क्राइम। जीटी रोड की बात करें तो लाल कुआं से शुरू होकर अप्सरा बॉर्डर तक ये सबसे लंबा रूट है और रोजाना लाखों वाहन इस रूट से गुजरते हैं। ये जीटी रोड भी कहा जाता है और पहले भी यहां ऐलिवेटिड रोड की मांग हो चुकी है। यहां बहुत पहले ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए ठाकुर द्वारा फ्लाईओवर बनाया गया था। लेकिन ये फ्लाईओवर संकरा होने के कारण उतना कामयाब नहीं हुआ और इसकी चौड़ाई कम है लिहाजा जाम से बचने के लिए जिस फ्लाईओवर को बनाया था उसी फ्लाईओवर पर जाम लग जाता है। मौजूदा समय की चुनौती ये है कि भाटिया मोड़ फ्लाईओवर से लेकर चौधरी मोड़ फ्लाईओवर तक जाम लगता है। जाम का एक कारण सड़क पर शॉपिंग मॉल और मुख्य दुकानें होना भी है। यहीं सड़क पर लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं। शाम के समय यहां अक्सर ये स्थिति आती है। लाल कुंआ की प्रस्तावित ऐलिवेटिड रोड के बाद यहां उम्मीद लगायी जा रही थी कि जाम से मुक्ति मिलेगी। हालांकि अभी स्पष्ट तौर पर कोई नहीं कह रहा है लेकिन विभागीय सूत्र बता रहे हैं कि फाईल पर ऑब्जेक्शन लगा है और इस ऑब्जेक्शन के बाद ऐलिवेटिड रोड की स्पीड पर ब्रेक लग गये हैं। फिलहाल ये प्रोजेक्ट शुरू होने से पहले ही फाईल में बंद होने की कगार पर आ गया है।

# सीएम योगी ने विद्यार्थियों को दी सलाह- कभी शॉर्टकट न अपनाएं

लखनऊ। सफलता का एक मात्र फामूर्ला कठिन परिश्रम लेकिन परिश्रम भी सही दिशा में होना चाहिए। जैसे किसान जब समय से खाद और पानी देता है तभी अच्छी फसल होती है। वैसे ही विद्यार्थियों को करना चाहिए। सरकार ने आपकी सुविधा के लिए अनेक प्रयास प्रारंभ किए हैं। सरकारी स्कूलों में सरकार अच्छे शिक्षक दे रही है। प्राजेक्ट अलंकार के तहत सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हो रहा है। हमने अभ्युदय कोचिंग प्रारंभ की है। छात्रों को चाहिए लक्ष्य तय करें। अपने टीचरों से अपनी बात कहने में संकोच ना करें। आज शिक्षा को लेकर अच्छा माहौल है। समाज का हर तबका आपके साथ खड़ा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुनिया में भारत को विश्व गुरू के रूप में स्थापित करेगी। अपने स्वयं के जीवन में निश्चित दिनचर्या को अपनाएं। अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। हर काम समय से करें। दिन और रात को समय में बांटकर काम करें। आपकी समयबद्वता आपको अनुशासित करेंगी।



मेधावियों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि संन्यास लेने पर शुरू-शुरू में लोग मुझे टोकते थे। आज मैं उन लोगों को देखता हूं तो पाता हूं कि कोई संतुष्ट नहीं है। भौतिक उपलब्धि व्यक्ति को कभी संतुष्ट नहीं कर सकती। ये ठीक है कि मैं आज मुख्यमंत्री हूं। मगर मैंने संन्यास लिया, ये पलायन का नहीं परिश्रम और संघर्ष का मार्ग है।

आज भी 16-18 घंटे काम करता हूं, इसलिए नहीं कि कोई पद या प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, बल्कि इसलिए क्योंकि ये मेरा कर्तव्य है। मैं अपने संन्यास की सार्थकता को साबित कर सकूं। भारत की ऋषि परंपरा ने संन्यास की जो व्यवस्था बनाई है वो व्यवस्था सही है, इसे साबित कर सकूं।

### परिश्रम का कोई विकल्प नहीं

उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। जितना परिश्रम करेंगे उसका परिणाम हमारे पक्ष में जरूर आएगा। कहा कि किसी कार्य में अगर बाधाएं नहीं हैं तो मानकर चलिए कि आपकी दिशा ठीक नहीं। जितने शुभचिंतक हैं उतने ही दुश्मन भी होने चाहिए। तब जो सफलता मिलती है उसका आनंद भी अलग होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर छात्र छात्रा को प्रधानमंत्री मोदी की किताब एग्जाम वारियर्स जरूर पढ़ना चाहिए।

# 18 महीने में पुलिस कमिश्नरेट में चार फुल एनकाउंटर देहात जोन की मिट्टी में मिलाए गए तीन शातिर बदमाश

गाजियाबाद ,करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए 18 महीने का समय बीत गया है। तो वहीं बीते 18 महीनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की खाकी ने चार फुल एनकाउंटर करने का काम किया है। फुल एनकाउंटर की बात की जाए तो इसमें देहात जोन का डंका बज रहा है। अब तक देहात जोन के अंतर्गत आने वाले थानाक्षेत्रों में तीन बदमाशों को मिट्टी में मिलने का काम किया गया है जबकि एक बदमाश को ट्रांस हिंडन पुलिस ने मुठभेड़ में ढ़ेर किया है। सभी मामले बेहद प्रमुख थे और मुठभेड़ में मारे गए बदमाश बेहद शातिर और जघन्य अपराध करने वाले रहे हैं। शुक्रवार की रात लोनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अंकुर विहार मुठभेड़ में जिस रेहान नाम के बदमाश को गोली मारकर घायल किया था, उस पर भी दिल्ली और गाजियाबाद मिलकर कर अलग-अलग गंभीर अपराध के मुकदमे दर्ज थे। उसने पुलिसकर्मी पर गोली चलाने की सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया था। हालांकि बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस उसे गिरफ्तार करने आई थी। इसी दौरान उसने खुद को घिरता देख पुलिसकर्मी विजय राठी पर गोली चलाई थी, बाद में उसको भी गोली लगी थी और वह अस्पताल में उपचार के दौरान मृत हो गया।



### बदमाशों पर जारी रहेगा जीरो टॉलरेंस : डीसीपी ग्रामीण जोन



क्राइम पुलिस : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव का कहना है कि सरकार की मंशा की अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। बदमाशों की गोली का जवाब पुलिस ने भी दिया है। उन्होंने कहा कि देहात जोन पुलिस लगातार बदमाशों को जेल पहुंचने के साथ ही मुठभेड़ में ढेर भी कर रही है। बदमाशों पर लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

### देहात जोन के नाम हैं अब तक तीन फुल एनकाउंटर





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद देहात जोन में बीते 18 महीने के दौरान तीन फुल एनकाउंटर हुए हैं। पहला एनकाउंटर यहां 20 जून 2023 को 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश विशाल चौधरी उर्फ मोनू का हुआ था। जो गंग नहर पटरी पर किया गया था। मोनू का आतंक मुरादनगर और मोदीनगर के क्षेत्र में था। मोनू सिलसिलेवार हत्या भी कर रहा था। उस वक्त यहां के तात्कालिक डीसीपी ग्रामीण रवि कुमार थे। तो वहीं 30 जून 2023 को मसूरी पुलिस ने जितेंद्र उर्फ जीतू जिसने पिलखुवा की छात्रा का मोबाइल लूटा था। छात्रा की मौत हो गई थी, इसके बाद पुलिस ने भी 25000 के इस इनामी बदमाश को देहात जोन में एनकाउंटर में ढेर किया था। उस वक्त डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव रहे। तो 28 जून को अंकुर विहार में हुए रेहान नाम की मुठभेड़ के दौरान भी देहात जून के डीसीपी ग्रामीण विवेकचंद यादव हैं।

### 49 दिन में दो बदमाशों को पुलिस कर चुकी है ढेर

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया बदमाशों को लेकर बयान दिया था कि वह मिट्टी में मिला दिया जाएंगे और इस काम को गाजियाबाद पुलिस ने भी किया है। बीते 49 दिनों के दौरान ही गाजियाबाद पुलिस ने ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में दो बदमाशों को मिट्टी में मिलने का काम किया है। जिसमें 10 मई 2024 को शालीमार गार्डन पुलिस ने टाटा स्टील के बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्या करने वाले दिल्ली के बदमाश दक्ष को एनकाउंटर में ढ़ेर किया था। तो शनिवार 28 जून को अंकुर विहार में हेड कांस्टेबल विजय राठी पर गोली चलाने वाले बदमाश रेहान को भी पुलिस ने ढ़ेर करने का काम किया है।



# जीडीए में लगेंगे इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज करने हेतु दो फास्ट चार्जर

## मधुबन बापूधाम वाले नए दफ्तर में भी मिलेगी इलेक्ट्रिक चार्जिंग फैसिलिटी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजना है और शुरूआत जीडीए से होने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि जीडीए में इलैक्ट्रिक वाहन चार्ज करने हेतु दो फॉस्ट चार्जर लगाये जायेंगे। 28 जून को इलैक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित हुई थी। वहीं जीडीए में इलैक्ट्रिक वाहन चार्ज करने की योजना पर काम शुरू हो गया है।




सूत्र बताते हैं कि अधिकारियों को ये निर्देश दे दिये गये हैं कि जीडीए में वर्तमान में इलैक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग फैसिलिटी की आवश्यकता है इसलिए प्राधिकरण के प्रांगण में इलैक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग हेतु दो फॉस्ट चार्जर लगाये जायेंगे। इनके लिए जरूरी कार्यवाही भी शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इसी तरह जीडीए के नए निर्माणाधीन भवन में मधुबन बापूधाम योजना में इलैक्ट्रिक चार्जिंग फैसिलिटी स्थापित करने के निर्देश दिये गये हैं।

फिलहाल यह सुविधा प्राधिकरण के पुराने भवन में शुरू होगी। जीडीए के अधिकारियों का मानना है कि वर्तमान समय में प्राधिकरण के कर्मचारियों के द्वारा भी इलैक्ट्रिक व्हीकल क्रय किये जा रहे हैं।

### जीडीए में अधिकारियों के वाहन होंगे इलैक्ट्रिक व्हीकल

करंट क्राइम। नई नीति का असर जिले में सबसे पहले जीडीए में दिखाई देगा। ईवी नीति के तहत अब जीडीए में कई अधिकारियों के लिए जो वाहन क्रय होंगे वो इलैक्ट्रिक व्हीकल होंगे। सूत्र बताते हैं कि कुछ अधिकारियों के पास ऐसे वाहन हैं और नए वाहनों में प्राथमिकता ही इलैक्ट्रिक व्हीकल को दी जायेगी। जब जीडीए में अधिकारियों के लिए इलैक्ट्रिक वाहन होंगे तो जाहिराना तौर पर इसके लिए चार्जिंग सुविधा चाहिए और जीडीए में वाहनों से पहले ईवी चार्जिंग फैसिलिटी स्थापित होने जा रही है।



### मास्टर प्लॉन में भी जोड़ी जायेगी वाहन चार्जिंग अवसंरचना की व्यवस्था

करंट क्राइम। इलैक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी पर तेजी से काम चल रहा है। आने वाले समय में सरकारी कार्यालयों के वाहन पूरी तरह से इलैक्ट्रिक हो सकते हैं। शुरूआत जीडीए से होने जा रही है और जीडीए अधिकारियों का पत्राचार बता रहा है कि वो सरकार की इस नीति को पूरी तरह से लागू करने जा रहे हैं। एक तरफ जहां वाहन खरीद की तैयारी चल रही है वहीं अब जीडीए के भवन निर्माण विकास उपविधि में भी नए प्राविधान जोड़े गये हैं। संशोधित उपविधि में वाहन चार्जिंग अवसरंचना की व्यवस्था जोड़ दी गई है। गाजियाबाद महायोजना-2031 के मास्टर प्लान में ये आवश्यक व्यवस्थाओं में जोड़ दिये गये हैं।

# यूपी के उपचुनाव में भी पीडीए फार्मूले पर आगे बढ़ेगी सपा



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मिली जीत से उत्साहित समाजवादी पार्टी (सपा) अब विधानसभा उपचुनाव में पीडीए फॉमूर्ला लागू कर उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सपा इस खास रणनीति से यूपी में भविष्य की राजनीति में खुद को मजबूत करने की फिराक में है। सपा के सूत्रों के मुताबिक, पीडीए फॉमूर्ला के तहत अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव में अवधेश प्रसाद के बेटे अजित प्रसाद को टिकट दिया जा सकता है। वहीं अकबरपुर की कटेहरी सीट से लालजी वर्मा की बेटी छाया वर्मा भी सपा की बड़ी दावेदार हैं। फूलपुर सीट पर भाजपा को मजबूत टक्कर देने वाले अमरनाथ मौर्य पर पार्टी दांव लगा सकती है। यहां पर भाजपा उम्मीदवार ने बहुत मामूली अंतर से जीत हासिल की है।

वहीं करहल सीट को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने छोड़ा है। यहां से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि अखिलेश यादव अभी दिल्ली में चल रही संसद की कार्यवाही में अपनी पार्टी की धमक काफी मजबूत बनाने में जुटे हैं। इधर सपा का प्रदेश नेतृत्व उपचुनाव की कवायद में जुट गया है। दावेदारों के नाम आने शुरू हो गए हैं। इसके आलावा वह खुद भी चक्कर लगाने लगे हैं। सपा भी लोकसभा के पीडीए फॉमूर्ला लगाकर ही प्रत्याशी को महत्व देने का विचार कर रही है। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सपा की नजर सभी विधानसभा सीटों पर है। इसके लिए जातीय समीकरण साधे जा रहे हैं। अपने सहयोगी कांग्रेस को भी एक सीट देकर उनके आत्मबल और गठबंधन की धार को मजबूत रखा जायेगा।

सपा ने सोशल इंजीनियरिंग का नया फामूर्ला निकाला है। पार्टी पीडीए फॉमूर्ले को और धार देना चाहती है। लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉमूर्ले से समाजवादी पार्टी 37 सीटें चुकी है। इसके साथ ही सपा देश की राजनीति में बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। सपा प्रवक्ता अशोक यादव का कहना है कि सपा उपचुनाव की तैयारी तेज रफ्तार से कर रही है। सपा के पीडीए के फॉमूर्ले को देश की जनता स्वीकार कर रही है। इसलिए सपा इसी फामूर्ले के साथ आगे बढ़ेगी। आने वाले चुनाव में भाजपा को शिकस्त यही फॉमूर्ला ही देगा। ज्ञात हो जिन सीटों पर उपचुनाव होने हैं उनमें मैनपुरी की करहल, अयोध्या की मिल्कीपुर, अंबेडकर नगर की कटेहरी, संभल की कुंदरकी, गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और सीसामऊ शामिल हैं। अगर साल 2022 के विधानसभा चुनाव को देखें तो सपा ने करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी व सीसामऊ जीती थी। वहीं भाजपा ने गाजियाबाद, खैर, फूलपुर सीट पर कब्जा किया था। वहीं निषाद पार्टी ने मझवां पर विजय हासिल की थी। जबकि रालोद को मीरापुर सीट पर सफलता मिली थी। नौ सीटों पर विधायक सांसद बन गए हैं। जबकि एक सीट विधायक के सजा होने के बाद खाली हुई है।

# अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में भारी बारिश की संभावना : आईएमडी



**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अगले 4-5 दिनों के दौरान दिल्ली और पूर्वोत्तर राज्यों समेत उत्तर-पश्चिम भारत में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून की उत्तरी सीमा अब राजस्थान में जैसलमेर, चुरू, भिवानी, दिल्ली, अलीगढ़, हरदोई, मुरादाबाद, ऊना (पश्चिमी उत्तर प्रदेश), पंजाब में पठानकोट और जम्मू से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2-3 दिनों के दौरान पश्चिमी राजस्थान, हरियाणा-चंडीगढ़ और पंजाब के कुछ और हिस्सों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू के शेष हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम बुलेटिन के अनुसार, 29 जून से 3 जुलाई तक दिल्ली, हरियाणा चंडीगढ़, पंजाब हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में, 29 जून, 2 और 3 जुलाई को पश्चिमी राजस्थान में, 29 और 30 जून को छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटीय क्षेत्र, झारखंड, ओडिशा में और 30 जून से 2 जुलाई के दौरान बिहार में भारी बारिश होने की उम्मीद है। उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले पांच दिनों के दौरान गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। आईएमडी के अनुसार, अगले पांच दिनों के दौरान केरल, कर्नाटक, कोंकण और गोवा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र में गरज के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। जबकि मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तेलंगाना में छिटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है।

# केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया, गिरफ्तारी के विरोध में आप का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पेशी के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। सुनीता केजरीवाल भी कोर्ट पहुंची है। सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेजा। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड आज खत्म हो रही थी। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

26 जून को सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को पांच दिनों तक के लिए रिमांड पर देने की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सीएम केजरीवाल को तीन दिनों के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया था। वहीं, इससे पहले शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्डिंग मामले में केजरीवाल को 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। जिसके बाद ईडी ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी। कोर्ट में बोली सीबीआई- लोग कोरोना से मर रहे थे, ये घोटाले की साजिश रच रहे थे सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि दिल्ली में जब कोरोना महामारी अपनी चरम पर थी और लोग मर रहे थे, तब साउथ लॉबी के सदस्य शराब नीति तैयार करने के लिए दिल्ली आए थे। उन्हें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर ही बुलाया गया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष जज अमिताभ रावत की अदालत में केजरीवाल की रिमांड की मांग पर सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि दिल्ली में मौतें हो रही थीं। उन्होंने एक रिपोर्ट तैयार की और अभिषेक बोइनपल्ली को दी। विजय नायर के माध्यम से रिपोर्ट मनीष सिसोदिया के पास भेजी गई।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप का प्रदर्शन

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) आज प्रदर्शन कर रही है। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया।

# बिहार में पुल गिरने की घटनाओं पर तेजस्वी ने सरकार पर कसा तंज, मांझी ने जताई साजिश की आशंका




**पटना।** बिहार में लगातार पुल गिरने की घटनाओं को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने पुल गिरने की घटनाओं पर सरकार पर तंज कसा है। वहीं, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को लगता है कि इसमें कोई राजनीतिक साजिश है। केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शनिवार को गया में कहा कि पुल गिर रहे हैं, यह चिंता की बात है। एक-दो महीने पहले पुल क्यों नहीं गिर रहे थे, अभी क्यों गिरने लगे?

उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि इसमें मुझे साजिश भी लग रही है। सरकार को बदनाम करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹पहले पुल गिरने की इतनी घटनाएं होती थी? एकाध पुल कभी गिरता था, उस पर कार्रवाई हो रही थी। लेकिन, लगातार पुल गिर रहा है, इसलिए मुझे लगता है कि जानबूझकर सरकार को बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि जो भी पुल गिरे हैं, उसमें सरकार ठेकेदार और इंजीनियरों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। आगे ऐसा न हो इसे लेकर भी सरकार सजग है। इधर, राजद के नेता तेजस्वी यादव ने पुल गिरने की तस्वीरों को अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार पर तंज कसा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, बधाई हो! बिहार में डबल इंजन सरकार की डबल ताकत से महज दिन में केवल और केवल मात्र पुल ही गिरे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रहनुमाई और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में दलों वाली डबल इंजन धारी एनडीए सरकार ने बिहारवासियों को दिन में पुल गिरने पर मंगलराज की कल्याणमय उज्जवल शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि पुलों के गिरने से जनता के स्वाहा हो रहे हजारों करोड़ को स्वघोषित ईमानदार लोग भ्रष्टाचार ना कह कर शिष्टाचार कह रहे हैं। तेजस्वी यादव ने आगे लिखा, विपक्षियों को भ्रष्टाचारी का नारंगी प्रमाण पत्र बांटने वाले तथा पक्षकारिता की पत्रकारिता में पृथ्वी और आकाश की सभी रैंकिंग में नंबर-विश्व विजेता गोदी मीडिया द्वारा प्रमाणित सत्यवादी एवं अविनाशी नेता इन सुशासनी कारनामों पर मुंह क्यों नहीं खोलते? पुलों द्वारा जल समाधि लेने पर विपक्षी नेता इस्तीफा दें।

# सीएम योगी ने जारी किए 1056 करोड़, मेधावियों को एक लाख रुपये



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के लिए धनराशि जारी की और उन्हें टैबलेट, एक लाख रुपये और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम में 88 लाख बच्चों के लिए 1056 करोड़ की राशि जारी की। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे अभिभावकों के खाते में चली गई। इसके तहत हर बच्चे को 1200 रुपये दिए गए। इस मौके पर सीएम ने मेधावियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र छात्राओं को एक-एक लाख रुपये, टैबलेट और गोल्ड मेडल प्रदान किया और कहा कि खूब मेहनत से पढ़ाई करो।

उन्होंने कक्षा एक, दो के बच्चों को किताबें दीं और उनके लिए चॉकलेट मंगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों से नाम, पते और स्कूल के बारे में पूछा और कहा कि अभी आप सभी को चॉकलेट मिलेगी। पहली बार प्रदेश में कक्षा एक और दो में एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम पर किताबों का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रह जाए। हम अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ये देश की सबसे बड़ी सेवा है। श्रीमद्भगवतगीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों और अधिकारियों से कहा कि आप उस पवित्र कार्य से जुड़े हुए है। आपका आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में, एक शिक्षक के रूप में होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि हमारे विद्यालय इनोवेशन और रिसर्च के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, हमारे छात्र-छात्राओं के अंदर कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो, इसके लिए हम अपने आपको तैयार करें।

# हेमंत सोरेन ने कहा, झारखंड में एक बार फिर झारखंडियों की सरकार बनेगी



**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने शनिवार को अपने आवास पर झामुमो कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में एक बार फिर झारखंडियों की सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी के नाम का जिक्र किए बगैर उन्होंने कहा कि इनकी ताबूत में आखिरी कील ठोकने का वक्त आ गया है। वह वक्त भी आने वाला है, जब दीया लेकर ढूंढ़ने से भी उनका नामोनिशान नहीं मिलेगा।

सोरेन ने कहा कि राज्य में निर्धारित समय से पहले विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी चल रही है, लेकिन हम हमेशा और हर परिस्थिति में तैयार हैं। उन्होंने चुनौती भरे अंदाज में कहा, ह्लआप कल चुनाव की घोषणा करें, परसों आपका सफाया हो जाएगा। झामुमो नेता ने हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के नतीजे का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें ऐसी लाठी मारी है कि उनकी कराह तक नहीं निकल पा रही है। जिन लोगों ने जाति, धर्म, अगड़ा-पिछड़ा, अमीर-गरीब के नाम पर एक-दूसरे को लड़ाने में डिग्री हासिल की है, उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार के खिलाफ कोई भी खड़ा ना हो पाये, इसकी जुगत भिड़ाई जा रही है।

उसी का परिणाम है कि आज दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। मुझे सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र में फंसाकर पांच महीने तक जेल में रखा गया, लेकिन अदालत के फैसले के बाद मैं आज सबके बीच हूं। भगवान के घर में देर है, लेकिन अंधेर नहीं। सच्चाई को कोई हमेशा जंजीर से बांधकर नहीं रख सकता। सूरज-चांद को कोई भी बादल हमेशा के लिए नहीं ढक सकता। सोरेन ने कहा कि उन्होंने देखा कि जेल के अंदर कई ऐसे आदिवासी और गरीब हैं, जिन्हें षड्यंत्र के तहत भेजा गया है। उनकी स्थिति देखकर बेहद तकलीफ होती है। उन्होंने पड़ोस के राज्यों में आदिवासी सीएम बनाए जाने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि झारखंड में मिली पराजय के चलते उन्हें ऐसा निर्णय लेना पड़ा, लेकिन हकीकत यह है कि वे आदिवासी के नाम पर केवल रबर स्टांप की भूमिका में हैं।

# नायब सैनी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी भाजपा, शाह के नेतृत्व में बनी रणनीति



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की आज पंचकूला में होने वाली विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक की जारी है। यह बैठक दो सत्र में होगी। पहले सत्र की बैठक को सीएम व प्रभारी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। हरियाणा में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की कवायद में जुटी भाजपा की आज पंचकूला में अहम बैठक हो रही है। सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धमेंद्र प्रधान, सहप्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए हैं।

यह बैठक दो सत्र में हो रही है। पहले सत्र की बैठक को सीएम व प्रभारी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारियों को संबोधित किया गया। पहले सत्र में तय हुआ कि भाजपा अगला चुनाव सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ेगी। अमित शाह बोले कि भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। दूसरा सत्र समाप्त हो चुका है। अब शाह जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी ने बताया, शाह की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव को लेकर एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जो मार्गदर्शन कार्यकताओं को प्राप्त होगा। उस मार्गदर्शन को हरियाणा में अक्षरांश धरातल पर उतरेंगे। बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी कार्यों पर भी चर्चा की जाएगी। पूरे दिन चलने वाली बैठक में 45 सौ से ज्यादा पदाधिकारी व कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। भाजपा ने अस्थायी चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की है।

# दिल्ली के बाद गुजरात में बड़ा हादसा, भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर की छत ढही



**राजकोट।** एक के बाद एक भारी बारिश के चलते हादसे हो रहे हैं। दिल्ली और बिहार के बाद अब गुजरात का हवाई अड्डा हादसे का शिकार हो गया। यहां के राजकोट एयरकोर्ट के एक हिस्से की छत ढह गई है। गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट पर आज दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी) गिर गई। जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था। गनीमत रही की हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। वरना दिल्ली जैसा हादसा हो सकता था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, छत पर भरे पानी को बाहर निकालने के लिए रखरखाव कार्य के दौरान यह ढह गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

**दिल्ली एयरपोर्ट पर कल हुआ था हादसा**

गौरतलब है, एक दिन पहले ही दिल्ली में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। टर्मिनल-1 की छत गिरने से एक कैब ड्राइवर की जान चली गई थी। हादसे में छह लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया था, जिसकी चपेट में आकर कई कारें दब गईं। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय जब कारों पर लोहे के बीम गिरे तो अफरातफरी मच गई और लोग मदद के लिए चिल्लाते हुए नजर आए।

**वहीं, जबलपुर एयरपोर्ट का भी शेड गिर गया था।**

इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि जबलपुर में 450 करोड़ से नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट का शेड पहली ही बारिश में कार के ऊपर गिर गया, जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तीन महीने पहले ही टर्मिनल का मोदी जी ने लोकार्पण किया था। उन्होंने लिखा था कि मोदी जी की गारंटी बस तीन महीने ही टिक पाई।

10 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने किया था शुभारंभ गौरतलब है कि 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर में 450 करोड़ की लागत से बने डुमना नवनिर्मित एयरपोर्ट और ग्वालियर एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया था। महज तीन महीने के एयरपोर्ट का छज्जा टूटना निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। गौरतलब है कि डुमना एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण हुआ था। इसका वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीन महीने पहले किया गया था। आयकर विभाग में किराए पर लगी गाड़ी क्रमांक एमपी-20 जेडसी-5496 सहायक आयुक्त को डुमना एयरपोर्ट में छोड़ने गई थी। ड्राइवर ने गाड़ी को गो एंड डॉप एरिया में खड़ी की थी। अधिकारी को छोड़ने के लिए सभी एयरपोर्ट के अंदर चले गए थे। पूर्वान्ह 11.30 बजे फ्रेबिक शेड कार पर गिर गया, जिसके कारण कार का ऊपरी हिस्सा व कांच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

### अचानक गिरा छज्जा अधिकारी की गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त

मामला खमरिया थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट का ऊपरी छज्जा अचानक गिर गया था। इस दौरान वह खड़ी एक अधिकारी की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, इस मामले में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी अभी नहीं है। मैं सुबह से ही लगातार बैठक में हूं। लेकिन इसकी पूरी जानकारी ली जाएगी। कोई ऐसी स्थिति बनी है तो दोबारा इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए दिशा-निर्देश दिया जाएगा।

# शुरू हुई अमरनाथ यात्रा, पीएम मोदी-जेपी नड्डा ने तीर्थयात्रियों को दी शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा शनिवार से शुरू हो चुकी है और भारी सुरक्षा के बीच तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए जम्मू से रवाना हो चुका है। अमरनाथ यात्रा की शुरूआत होने पर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी है। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, पवित्र अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी तीर्थयात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा बफार्नी के दर्शन और वंदन से जुड़ी यह यात्रा शिव भक्तों में असीम ऊर्जा का संचार करने वाली होती है। उनकी कृपा से सभी श्रद्धालुओं का कल्याण हो, यही कामना है। जय बाबा बफार्नी! भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा, श्री अमरनाथ यात्रा शुभारंभ के पावन अवसर पर देवाधिदेव महादेव जी के दर्शन के लिए प्रस्थान कर रहे समस्त तीर्थ-यात्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हमारी सनातन संस्कृति में इस पुण्य-यात्रा का सौभाग्य धन्य करने वाला है। मैं प्रार्थना करता हूं कि यह सभी के जीवन को सुख-सौभाग्य और समृद्धि से परिपूर्ण करे। जय बाबा बफार्नी!

शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि 4,029 यात्रियों का दूसरा जत्था 200 वाहनों के दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू स्थित भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। इनमें से 1,850 यात्री सुबह 4 बजे 104 वाहनों में बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए और 2,179 यात्री 96 वाहनों में सवार होकर सुबह 4.30 बजे पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुए। दोनों काफिलों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। 52 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 30 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




SS PATH LAB
SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE
(Your Health is Our Priority)
Ultrasound ✚ Digital X-Ray
ECG ✚ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360

# अखिलेश बता चुके हैं जिसे अपनी सफल चुनावी रणनीति

## खत्म कर देती है ये रणनीति चुनाव में सिम्बल वाली गारंटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति अपने दांव बदल रही है और ये बदलते दांव चुनाव में कई बार उम्मीदवार की उम्मीदों को धराशायी कर देते हैं। कई बार किसी की लॉटरी अचानक लगती है और इस दांव का असर ये हुआ है कि सियासत में सिम्बल की गारंटी खत्म हो चुकी है। एक दौर था जब राजनीति में दावेदारी होती थी। देर रात तक दावेदार दिल्ली और लखनऊ में अपने अपने राजनीतिक दलों के दफ्तर के बाहर मेला लगाये रखते थे। उम्मीदवार की घोषणा होती थी और घोषणा होने के बाद भी गारंटी तब मानी जाती थी जब सिम्बल हाथ में आ जाता था।

सिम्बल मिलने का मतलब ही पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार घोषित हो जाना है। लेकिन राजनीति के क्रिकेट में अब नई डिबेट इस बात को लेकर है कि सिम्बल गारंट कितनी कामयाब है। बड़े नेता अब सिम्बल देने के बाद भी वापस ले लेते हैं। पहले ये चलन बसपा ने शुरू किया और फिर सपा भी इसी राह पर चल पड़ी। समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवार घोषित करने के बाद, सिम्बल देने के बाद सिम्बल वापस लिया और उम्मीदवार बदल दिया। लोकसभा चुनाव में सपा ने कई सीटों पर ऐसा किया और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर कहा था कि यह हमारी एक चुनावी रणनीति थी और हम इसमें कामयाब रहे हैं। लेकिन अब सवाल ये पैदा हो गया है कि रणनीति भले ही कामयाब रही हो लेकिन विश्वास नीति खत्म हो रही है। कई उम्मीदवारों की उम्मीदों को परवान चढ़ने से पहले ही इस नीति ने धराशायी कर दिया है।




दावेदार को उम्मीदवार बनाया और वो बड़ी उम्मीदों से सिम्बल लेकर लौट रहा है। रास्ते में ही होर्डिंग और कटआउट के ऑर्डर हैं। चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है और इसी बीच उसे पता चलता है कि अब वो उम्मीदवार नहीं रहा। अब उसके स्थान पर कोई और चुनाव लड़ेगा। हालांकि अभी भाजपा और कांग्रेस में ऐसा नहीं है। यहां जो एक बार उम्मीदवार घोषित हो गया और सिम्बल मिल गया तो फिर अपवाद केस में ही उम्मीदवार बदला जाता है।

### गाजियाबाद में हुआ है लोकसभा से लेकर मेयर चुनाव तक सपा का सिम्बल चेंज

**करंट क्राइम।** अगर राजनीति की बात करें तो गाजियाबाद इस बदलती रणनीति का लोकसभा से पहले ही प्रयोग बन चुका है। यहां तो इसकी शुरूआत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने काफी पहले की थी। यहां से सपा ने सागर शर्मा को विधानसभा उम्मीदवार बनाया। उन्हें सिम्बल भी दिया और जब वो पर्चा भरने की तैयारी कर रहे थे तब उनसे सिम्बल लिया गया और दूसरे को उम्मीदवार बनाया गया।हालांकि ये रणनीति किसी काम नहीं आई और सपा के हिस्से में पराजय ही आई। इसके बाद लोकसभा चुनाव में ऐसा हुआ। जब सपा ने गठबंधन में ये सीट अपने पास रखी और पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी को उम्मीदवार बनाया। लेकिन फिर फैसला पलटा और सिम्बल बसपा के पूर्व विधायक सुरेश बंसल के पास गया। उन्हें पहले बसपा से सपा में लाया गया। फिर टिकट दिया गया और फिर सपा, बसपा, रालोद ने मिलकर उन्हें चुनाव लड़ाया। नतीजा यहां भी हार ही आया। इसके बाद मेयर चुनाव में भी यही फार्मुला अपनाया गया। यहां से सपा ने पीएन गर्ग की पत्नी को मेयर उम्मीदवार घोषित किया। पीएन गर्ग लखनऊ से सिम्बल लेकर लौट रहे थे और फरमान आ गया कि अब यहां सिकन्दर यादव की पत्नी उम्मीदवार होंगी। हालांकि सिम्बल बदलने का कोई लाभ नहीं हुआ और सपा यहां मुख्य मुकाबले में भी नहीं रही।



### उपचुनाव में अगर सपा ने उतारा उम्मीदवार तो क्या होगा बदलाव

**करंट क्राइम।** उपचुनाव में अभी दो महीने हैं लेकिन चर्चा यही शुरू हो गई है कि चुनाव की तैयारी तो शुरू कर लें लेकिन यहां तो दावेदारी भी उम्मीदवारी में बदलने के बाद बदल जाती है। लिहाजा ऐसे में अब सिम्बल मिलना भी सपा में कोई गारंटी नही रहा है। जो चेहरे चुनाव की तैयारी कर भी रहे हैं उन्हें भी इस बात की गारंटी नहीं है कि वो टिकट ले भी आये तो पर्चा वो ही भरेंगे। सपा ने अगर उपचुनाव में उम्मीदवार उतारा भी तो इस बात की गारंटी नहीं है कि बदलाव नहीं होगा।

# जीडीए के नए दफ्तर में हो जाएंगे 6 महीने में दो फ्लोर बनकर तैयार

## वर्ष के अंत तक कार्यालय को शिफ्ट करने पर हो सकता है विचार




**करंट क्राइम।** जीडीए का नया पता अब मधुबन बापूधाम होने जा रहा है। जीडीए की नई इमारत तैयार हो रही है। इस इमारत के तैयार हो जाने के बाद जीडीए का पता फिर बदल जायेगा। हालांकि अभी वहां काम चल रहा है और जीडीए की तरफ से कोई निश्चित तिथि नहीं बताई गई है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि जीडीए की नई बिल्डिंग में दो फ्लोर आने वाले 6 महीने में बनकर तैयार हो जायेंगे। जो संस्था यहां निर्माण कर रही है उसने इस बात का भरोसा दिलाया है कि आने वाले 6 महीनों में और वर्ष 2024 के अंत तक मधुबन बापूधाम में बन रही विकास प्राधिकरण की बिल्डिंग में दो फ्लोर पूरी तरह बनकर तैयार हो जायेंगे। ये फ्लोर जीडीए को तैयार अवस्था में हैंडओवर किये जा सकते हैं। ऐसे में ये माना जा रहा है कि जीडीए इस वर्ष के अंत तक अपने कार्यालय को वहां शिफ्ट करेगा और नए वर्ष में



जीडीए का नया पता होगा। जीडीए स्तर पर भी तैयारी शुरू हो गई है। प्राधिकरण कार्यालय तक पहुंचने के मार्ग और कार्यालय के अंदर जरूरी फर्नीचर और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अब निविदाएं आमंत्रित हो सकती हैं। अधिकारियों को इसके निर्देश दे दिये गये हैं। 6 महीने में इन सभी वस्तुओं की आपूर्ति हो जायेगी और तब तक फ्लोर भी बनकर तैयार हो जायेंगे। वर्ष के अंत तक ये माना जा रहा है कि प्राधिकरण के नए दफ्तर में काम शुरू हो जायेगा।

### अक्टूबर माह में तैयार हो जायेगा बुनकर मार्ट

**करंट क्राइम।** इलैक्ट्रिक व्हीकल की बहार आने जा रही है। जीडीए अपने नए भवन में शिफ्ट होने जा रहा है और इसी के साथ सरकार का प्रोजेक्ट बुनकर मार्ट भी अब तेजी से तैयार हो रहा है। उम्मीद है कि अक्टूबर माह तक बुनकर मार्ट तैयार हो जायेगा। बुनकर मार्ट के संचालन के लिए पूर्व में ही तैयारी की जरूरत बतायी गई है और बुनकर मार्ट को चलाये जाने के लिए तैयारी शुरू हो गई है।




# जनपद न्यायाधीश, डीएम और डीसीपी सिटी ने किया डासना जेल का मासिक निरीक्षण

## बंदियों के स्वास्थ्य का रखा जाए ध्यान और पॉलिथीन ना ले जाने का बने प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिम उत्तर प्रदेश की प्रमुख जेलों में शामिल डासना जेल में शनिवार को जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने मासिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जेल में अधिकारियों के पहुंचते ही उन्हें सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग मिलाई कक्ष और प्रांगण का निरीक्षण किया। डासना जेल के निरीक्षण के दौरान तीन अधिकारियों ने जेल में साफ- सफाई, स्वच्छता, पेयजल एवं मौसम अनुकूल वातावरण का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल अधीक्षक आलोक कुमार सिंह को निर्देशित किया की जेल में कैदियों से मिलने वाले परिजनों को आदेश दिया जाए कि जेल के अंदर पॉलीथिन प्लास्टिक प्रतिबंध है। ऐसी वस्तु लेकर ना आए। इसके साथ ही जेल में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघनता से जांच करने और संदिग्धों की पूरी तलाशी लेने का भी निर्देश दिया गया है।


अधिकारियों को दी गई सलामी

### बीमार कैदियों का हो समय-समय पर उपचार

करंट क्राइम। मासिक निरीक्षण के दौरान जहां जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह मौजूद रहे। तो इस दौरान आलोक कुमार सिंह जेल अधीक्षक भी उनके साथ रहे। इस मौके पर अधिकारियों ने बीमार कैदियों का समय पर उपचार कराने पर जोर दिया है। साथ ही सही अस्पताल में भी उनको भर्ती कराया जाने को कहा गया है, इसकी भी व्यवस्था हो। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए कैदियों के स्वास्थ्य पर ध्यान रखने का भी निरीक्षण करने वाले अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया है। बता दें कि समय-समय पर अधिकारी गाजियाबाद की डासना जेल का निरीक्षण करते रहते हैं। डासना जेल में मुख्य रूप से गाजियाबाद ,नोएडा और हापुड़ के बंदियों को रखा जाता है।

## जब उखड़ा भाजपा नेता की दुकान का शटर, देवतुल्य ने कहा धन्यवाद नगर निगम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव के बाद जब समीक्षा हुई तो मुख्य सार यही था कि कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनी जाती हे और कार्यकर्ताओं के साथ सरकारी मशीनरी का व्यवहार ठीक नहीं है। शनिवार को ये पीड़ा उस समय सामने आ गई जब भाजपा नेता कुंजन पंडित की दुकान का शटर तक उखाड़ दिया गया और अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल उन्हीं की दुकान को टारगेट किया गया। इसके बाद भाजपा नेता कुंजन पंडित ने नगर निगम का धन्यवाद किया कि उनकी दुकान का शटर तक उखाड़ लिया गया है और इसके बाद भाजपा के इस कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को अपनी उखड़ी हुई शटर वाली दुकान के फोटो के साथ टैग किया। करंट क्राइम ने इस मामले को लेकर कुंजन पंडित से बात की तो उन्होंने बताया कि उनकी दुकान प्रताप विहार में है। जिस जगह ये अभियान चला है वहां पर सात दुकाने हैं और उनकी दुकान तीसरे नंबर पर है। लेकिन ना इधर की दुकान को तोड़ा गया और ना उधर की दुकान को कुछ हुआ और केवल सारा अतिक्रमण अभियान मेरी दुकान के शटर पर ही चला। उन्होंने बताया कि जिस समय यह कार्यवाही हुई मेरी दुकान बंद थी। कुंजन पंडित ने कहा कि मुझे केवल भाजपा कार्यकर्ता होने का, भाजपा नेता होने का नुकसान झेलना पड़ा है। वरना मेरी ही दुकान पर सारा एक्शन हुआ और पूरे बाजार में कुछ नहीं हुआ। यदि कार्यवाही करनी भी थी तो पहले अल्टीमेटम दिया जा सकता था। सभी लोग खुद ही अपना अतिक्रमण हटा लेते। बहरहाल भाजपा कार्यकर्ता को इस बात का दुख है कि सुनवाई का भी मौका नहीं मिला और दुकान का शटर तक उखाड़ दिया। उन्होंने अपनी पीड़ा से जनप्रतिनिधियों को अवगत करा दिया गया है।





### ऑनलाइन गेम में हारा तो नानी को मार डाला

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में नाती ने अपनी नानी की गला दबाकर हत्या कर दी। वह ऑनलाइन गेम में लगातार रुपए हार रहा था। उसके पास गेम में लगाने के लिए और रुपए नहीं बचे थे। उसने नानी से 2 हजार रुपए मांगे। नानी ने मना कर दिया। इस पर उसने पहले उन्हें पीटा, फिर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद घर में रखे नानी के जेवर और रुपए लेकर भाग गया। पूछताछ में वह बार-बार बयान बदल रहा था। पुलिस को उस पर शक हुआ और हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पहले वह टालता रहा, फिर सख्ती करने पर उसने जुर्म कबूल कर लिया। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हत्या का खुलासा किया। आरोपी नाती को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया। मामला थाना साहिबाबाद क्षेत्र का है। 8 जून को बेड पर पड़ी मिली थी लाश अर्थला शिव मंदिर के पास हरि प्यारी (60) परिवार के साथ रहती थी। उनके साथ उनका 20 साल का नाती विनोद भी रहता है। 8 जून को हरि प्यारी का कमरे में संदिग्ध हालात में शव मिला। परिवार वालों ने लूटपाट के बाद हत्या की आंशका जताई। कमरे की हालत से किसी अपने हुआ शक हरि प्यारी के बेटे अशोक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। डीसीपी निमिष पाटिल ने घटना के खुलासे के लिए टीम बनाई।



# प्री-मानसून की बारिश में कई जगह हुआ जलभराव, सड़कों पर दिखी गंदगी और लगा जाम

## निगम अधिकारियों के नहीं उठे फोन, जलभराव से आई दिक्कत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भले अभी दिल्ली-एनसीआर में मानसून ने अपनी पूरी तरीके से दस्तक नही दी हो लेकिन प्री-मानसून की बारिश ने जनजीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है। मौसम में परिवर्तन होने के साथ ही सड़कों पर जलभराव और नाले-नाली सीवर ओवरफ्लो होने की वजह से गंदगी सड़कों पर देखी गई।

शनिवार को सुबह और दोपहर में हुई बारिश के बाद जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली है। उधर लोगों का आरोप है कि निगम के अधिकारियों को जलभराव के लिए फोन किया तो फोन नहीं उठाया गया। जलभराव होने की समस्या ने फिर शहर के लोगों को परेशान किया। उधर नगर निगम के लाख दावों और प्रयासों के बाद भी शहर के अलग-अलग इलाकों में जलभराव की तस्वीरें सामने आई हैं। इसके साथ ही सड़क पर जाम की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ा। उधर मौसम विभाग का कहना है कि एक से दो दिन के भीतर दिल्ली-एनसीआर में मानसून दस्तक दे देगा और फिर भारी बारिश की संभावना रहेगी।


लालकुआं


लालकुआं


सुदामापुरी

### मौसम बदला पर नमी ने किया परेशान

**करंट क्राइम।** शनिवार को हुई बारिश के बाद गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिली है लेकिन अभी भी मौसम में नमी बरकरार है। जिस वजह से लोगों को अभी मानसून वाली बारिश का इंतजार है। शनिवार को गाजियाबाद का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया है। उमस भरी गर्मी की वजह से लोग पसीना पसीना होते देखा गया।


लालकुआं



### गोविंदपुरम की सड़क कूड़े से पटी, जलभराव ने किया परेशान

**करंट क्राइम।** नगर निगम की ओर से बारिश से पहले ही नालों की सफाई का अभियान शुरू किया गया था। शहर के कई इलाकों में साफ-सफाई करने वाले फोटो भी नगर निगम द्वारा जारी किए गए लेकिन शनिवार को हुई बारिश के बाद गोविंदपुरम मुख्य मार्ग की सड़क पर जलभराव होने के बाद जो नाले ओवरफ्लो होने के बाद गंदगी थी, वह सड़क पर आ गई। गंदगी होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ा। तो वहीं जलभराव की समस्या ने भी लोगों को दिक्कत पैदा की। बता दें कि अभी मानसून ने पूरी तरीके से दस्तक नहीं दी है लेकिन प्री- मानसून की बारिश ने ही लोगों के जनजीवन पर असर डाला है।

### मुख्य मार्गों और चौराहों पर भी दिखा जलभराव

**करंट क्राइम।** नगर निगम ने नालों की सफाई का काम बारिश से पूर्व शुरू कर दिया था लेकिन थोड़ी देर की बारिश ने ही निगम के दावों की पोल खोल दी। दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे पर कई स्थानों पर जहां एग्जिट प्वाइंट हैं, वहां जलभराव की स्थिति देखने को मिली। लाल कुआं पर जलभराव की वजह से वाहन रेंगते हुए नजर आए। तो जलभराव से जाम भी लग गया। इसके साथ ही सुदामापुरी, विजयनगर कट और क्रॉसिंग रिपब्लिक के लिए जाने वाले एग्जिट प्वाइंट पर भी जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी और देरी का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही डायमंड फ्लाईओवर और कवि नगर के कुछ इलाकों में भी जल भराव की तस्वीरें सामने आई।


डायमंड सिटी



## संपादकीय

# जलजमाव नहीं कुप्रबंधन है जिम्मेवार

मानसून में बारिश एक स्वाभाविक चक्र है, लेकिन शहरों-महानगरों के लिए अब इसे एक तकलीफदेह दौर के रूप में जाना जाने लगा है। एनसीआर के कई शहरों में झमाझमा मानसून की बारिश हुई है। हालांकि मानसून में बारिश का होना एक स्वाभाविक चक्र है लेकिन शहरों और महानगरों में इसे अब तकलीफ के दौर के रूप में देखा जाने लगा है। बीते शुक्रवार और शनिवार को राजधानी दिल्ली में हुई बरसात के बाद जैसे हालात पैदा हुए, वह जितना बारिश का नतीजा है, उससे ज्यादा इसके लिए सरकार और समूची व्यवस्था की लापरवाही, अदूरदर्शिता और कुप्रबंधन जिम्मेवार है। कुछ घंटों की बारिश के बाद दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह व्यापक जलजमाव देखा गया, सड़कों पर पानी भर गया, बस और कार जैसे वाहन उसमें फंस गए, यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, यह कोई नई घटना नहीं है। जब भी यहां कुछ घंटे ज्यादा बारिश होती है, तो उसके बाद समूचा जनजीवन लगभग ठप हो जाता है। हालत यह है कि दिल्ली के केंद्रीय इलाकों में भी पानी भर जाता है और लोगों के सामने कई तरह की मुश्किलें पैदा होती हैं।

सवाल है कि क्या इससे उपजी अव्यवस्था के लिए केवल बरसात को बहाना बनाया जा सकता है। आखिर हर वर्ष ऐसी स्थिति पैदा होने के बावजूद इससे सबक क्यों नहीं लिया जाता और बरसात के पहले ही ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते कि सड़कों या मुहल्लों में जलजमाव न हो? यह उम्मीद की जाती है कि देश की राजधानी होने के नाते बाकी जगहों के मुकाबले दिल्ली में सरकारी तंत्र और प्रशासन के स्तर पर ऐसी चौकसी होगी कि मौसम या किसी भी वजह से उपजी अव्यवस्था से तत्काल निपटने के ठोस इंतजाम होंगे मगर सामान्य बारिश में भी दिल्ली के कई इलाकों की सड़कों-मुहल्लों में नालियां और बड़े नाले जाम हो जाते हैं। नतीजतन, समूचा पानी सड़क पर बहता देखा जाता है। संबंधित सरकारी महकमे समय रहते पानी की निकासी के लिए एक बेहतर तंत्र को सक्रिय करने को लेकर शायद ही कभी गंभीर दिखते हैं।
यहां सरकारी अमला या प्रशासनिक व्यवस्था का ही दोष नहीं है, आम लोगों के स्तर पर भी लापरवाही बरती जाती है। जब लोग अपने घर से कचरा निकालते हैं और सड़क किनारे नालियों में या नालों में डाल देते हैं। इसकी वजह से जाम होने वाली नालियां मुख्य सड़कों तक पर व्यापक जलजमाव का कारण बनती हैं। सिर्फ पानी की निकासी की व्यवस्था को ही पूरी तरह दुरुस्त बनाकर इस समस्या पर लगभग काबू पाया जा सकता है। विडंबना यह है कि सरकारी तंत्र की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक घनघोर अव्यवस्था न फैल जाए या फिर कोई बड़ा घटनाक्रम सामने ना आये।

# एमएसएमई ऊर्जा दक्षता उपाय अपनाकर खर्च में 37 करोड़ तक की कर सकते हैं कटौती

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सीएसटीईपी) ने 'एमएसएमई विनिर्माण क्षेत्र में डीप डीकार्बोनाइजेशन की गुंजाइश' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। दो वर्षों में तैयार किए किए गए इस अध्ययन में एमएसएमई विनिर्माण क्षेत्रों में डीकार्बोनाइजेशन और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 31%, निर्यात में लगभग 50% और विनिर्माण क्षेत्रों में सभी रोजगार में 57% का योगदान करते हैं। ये अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं लेकिन अत्यधिक ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन भी करते हैं। एमएसएमई ऊर्जा




की कीमतों में वृद्धि के प्रति भी संवेदनशील हैं और उनकी कुल विनिर्माण लागत में ऊर्जा की लागत काफी अधिक है।

अब एक अध्ययन में सामने आया है कि यदि ये एमएसएमई अनुशंसित ऊर्जा दक्षता (ईई) उपायों पर काम करें तो अपनी ऊर्जा लागत में 37 करोड़ रुपये की बचत कर सकते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में जीवाश्म ईंधन की निर्भरता कम करने की जरूरत औद्योगिक क्षेत्र में जीवाश्म ईंधन निर्भरता को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण को आगे बढ़ाने के लिए एमएसएमई का डीकार्बोनाइजेशन (कार्बन उत्सर्जन में कमी) होना आवश्यक है। कई बड़े पैमाने के उद्योगों ने ऊर्जा दक्षता और संरक्षण उपायों को लागू किया है, पर एमएसएमई उद्योग इस मामले में पिछड़ रहे हैं। सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सीएसटीईपी) ने 'एमएसएमई विनिर्माण क्षेत्र में डीप डीकार्बोनाइजेशन की गुंजाइश' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है।

दो वर्षों में तैयार किए किए गए इस अध्ययन में एमएसएमई विनिर्माण क्षेत्रों में डीकार्बोनाइजेशन और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस अध्ययन में पांच ऊर्जा और उत्सर्जन के मामले में गहन क्षेत्रों से कुल 66 एमएसएमई इकाइयों को कवर करने वाले सात क्लस्टर शामिल किए गए।

# अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड एक्टिविटी : एलन मस्क



**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टीवी पर पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधि दर्ज की गई। मस्क के स्वामित्व वाले एक्स ने बताया कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट पर मिनट-दर-मिनट चर्चा प्रसारण शुरू होने के बाद 90 मिनट में 19 गुना हो गई। कंपनी ने कहा कि डिबेट के दौरान एक्स पर दुनिया भर में चचाओं का पैमाने चौंकाने वाला था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने बताया कि डिबेट के दौरान दो अरब से ज्यादा इम्प्रेशन दर्ज किये गये। इनमें 24.2 करोड़ वीडियो व्यूज और 20 लाख पोस्ट शामिल थे। मस्क ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स पर रिकॉर्ड गतिविधियां दर्ज की गईं। एक यूजर ने लिखा, ₹डिबेट के दौरान एक्स पर बवाल मचा हुआ था। डिबेट के एक्स पर लाइव स्ट्रीम को भी काफी लोगों ने देखा। एक अन्य यूजर ने एक्स पर लिखा कि बिना किसी सेंसरशिप के डर के लोगों को इस मुद्दे पर खुलकर बात रखने की अनुमति देने के जबरदस्त परिणाम दिखे।

बहस के बाद राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि उनका प्रदर्शन अच्छा रहा और उनके प्रदर्शन से निराश कुछ डेमोक्रेट्स की चुनावी दौर से हट जाने की सलाह पर अमल की संभावना से इनकार किया। राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि मैंने अच्छा (प्रदर्शन) किया। हालांकि कई डेमोक्रेट्स को चिंता सता रही है कि बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के सामने पर्याप्त चुनौती नहीं पेश कर सकेंगे।

# बजट पर क्या बोलना है, विपक्ष के नेता पहले से लिखकर लाते हैं : देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के मॉनसून सत्र में सरकार ने शुक्रवार को अपना बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री अजित पवार ने बजट में कई अहम घोषणाएं की। इसे लेकर विपक्ष के नेताओं ने महाराष्ट्र सरकार को निशाने पर लिया। बजट को लेकर उद्धव ठाकरे ने कहा कि ह्लचादर लगी फटने, खैरात लगी बंटनेह्व। वहीं, जयंत पाटिल ने कहा कि चुनाव के पहले लोगों को रिझाने के लिए आखिरी दांव चला है। बजट पर विपक्ष की ओर से जारी हमले के बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि जयंत पाटिल या विपक्ष के सारे नेता पहले ही लिख



कर लाते है कि बजट पर क्या बोलना है। हम कैसा भी बजट पेश करें, उनकी प्रतिक्रिया यही होती। उनके चेहरे पर नूर नहीं है, चेहरे की चमक चली गई है। उन्होंने कहा कि 'झूठा नैरेटिव' फैलाकर लोकसभा में वो चंद सीटें जीत गए। उनके उत्साह को हमारे बजट ने खत्म कर दिया है। हमारे वित्त मंत्री अजित पवार ने बहुत ही रियलिस्टिक बजट पेश किया है। मै उनका अभिनंदन करता हूं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों के लिए इस बजट ने नए दरवाजे खोले हैं। मैं ऐसा मानता हूं कि यह एक ऐतिहासिक बजट है। एक तरफ किसानों को मुफ्त बिजली मिल रही है। दूसरी तरफ, किसानों को दूध, सोयाबीन, कपास के लिए मदद मिल रही है।

# भारत को कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए 1.5 अरब डॉलर का ऋण देगा विश्व बैंक




**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने कम कार्बन उत्सर्जन वाले ऊर्जा उत्पादन के विकास में तेजी लाने के लिए दूसरे ऑपरेशन के तहत भारत को 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। विश्व बैंक ने शुक्रवार को वाशिंगटन में बताया कि ह्यलो-कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन का दूसरा चरण ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइजर के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों में मददगार होगा, जो ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है। यह ऑपरेशन सरकार की ऊर्जा सुरक्षा और विश्व बैंक की हाइड्रोजन फॉर डेवलपमेंट (एच4डी) भागीदारी के अनुरूप है। विश्व बैंक के अनुसार, सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025-26 से प्रति वर्ष कम से कम 4,50,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन में प्रति वर्ष पांच करोड़ टन कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा। यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा।
भारत में विश्व बैंक के निदेशक ऑगस्त तानो कुआमे ने कहा, विश्व बैंक को भारत की लो-कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की प्रसन्नता है, जो देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा और निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नौकरियां पैदा करेगा। कुआमे ने कहा, पहले और दूसरे, दोनों ऑपरेशनों में ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। विश्व बैंक के अनुसार, आर्थिक विकास के साथ उत्सर्जन वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना होगा, खास तौर पर औद्योगिक क्षेत्रों में। ऑपरेशन के लिए टीम लीडर की भूमिका निभा रहे ऑरेलियन क्रूस, शियाओडोंग वांग और सुरभि गोयल ने कहा, भारत ने ग्रीन हाइड्रोजन के लिए घरेलू बाजार विकसित करने के लिए साहसिक कदम उठाए हैं, जो तेजी से विस्तारित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता पर आधारित है विश्व बैंक ने जून 2023 में 1.5 अरब डॉलर के पहले ऑपरेशन को मंजूरी दी थी।

## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उत्साह के साथ काम करेंगे। आप परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो आप सफल होंगे।

**वृष :** आज आपके सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार पूरे होंगे. आप अपने बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे।

**मिथुन :** आज निजी संबंधों में मधुरता आ सकती है. शत्रु से मुक्ति मिलेगी। पिछले कुछ समय से चली आ रही परेशानी खत्म होने की संभावना है।

**कर्क :** आर्थिक दृष्टि से दिन शुभ है। आप आय का एक अतिरिक्त स्रोत विकसित कर सकते हैं। भाग्य आपका साथ देगा और आप कठिन कार्यों को पूरा करने में सक्षम होंगे।

**सिंह :** आप अपना अधिकांश समय परिवार वालों के साथ बिताएंगे। आज निर्णय लेना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। पैसा आते ही कहीं रुक सकता है।

**कन्या :** आज आप मित्रों के साथ यात्रा-पर्यटन का आयोजन करेंगे. व्यापार में आगे बढ़ेंगे। नए लोगों से संपर्क हो सकता है। आपका काम भी बढ़ सकता है।

**तुला :** आज आप में से कुछ लोगों के लिए भागदौड़ भरी रहेगी. देरी और बाधाएं भी कई बार चिंता का कारण बन सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज आप जो भी काम करना चाहते हैं वो काम बहुत ही आराम से पूरा हो सकता है. किसी काम को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

**धनु :** आप कुछ अच्छी योजनाएँ बनाएंगे, जिससे आने वाले दिनों में आपको लाभ होने की संभावना है। आज आपको कोई भी फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना चाहिए।

**मकर :** आज माता-पिता अपने बच्चों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। किसी फंक्शन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर हो सकता है।

**कुंभ :** आज बुरे लोग आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इसलिए किसी से बहस न करें। कुछ मामलों में परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं हो सकती हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कठिन हो सकता है और आप किसी काम को पूरा करने में असमर्थ हो सकते हैं।

## चुटकुले

माँ- बेटा क्या कर रहे हो?
बेटा- पढ़ रहा हूं माँ..
माँ- शाबाश! क्या पढ़ रहे हो?
बेटा-आपकी होने वाली बहु के मैसेज
दे थप्पड़, दे थप्पड़!

---

लड़की वाले बेटी के लिए लड़का देखने गए
लड़की वाले- कितना कमा लेते हो?
लड़का- इस महीने दो करोड़ कमाया
लड़की वाले- फिर क्या हुआ?
लड़का- बस, फिर मोबाइल में तीन पत्ती हैंग हो गया
और सारी कमाई चली गयी।

---

टीचर : मैं दो वाक्य दूंगा उसमें आपको
अंतर बताना है।
पहला वाक्य- उसने बर्तन धोए।
दूसरा वाक्य- उसे बर्तन धोने पड़े।
पप्पू : पहले वाक्य में कर्ता अविवाहित है।
और दूसरे वाक्य में कर्ता विवाहित है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बंगाल के भोगनादिघी में सशस्त्र संथालों ने विद्रोह का बिगुल फूंका।
- महान स्वतंत्रता सेनानी दादाभाई नौरोजी का निधन।
- फासीवाद के खिलाफ एंटवर्प में 50 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया।
- भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सी. एन. आर. राव का जन्म।
- बच्चों का पसंदीदा कार्टून सुपरमैन पहली बार कॉमिक में नजर आया।
- भारत के विभाजन की घोषणा के बाद बंगाल और पंजाब के लिए बाउंड्री कमीशन के सदस्यों की घोषणा।
- अमेरिका ने क्यूबा से चीनी का आयात बंद किया।
- रवांडा और बुरूंडी स्वतंत्र हुए।
- अमेरिका में बॉक्सर और एक्टर माइक टाइसन का जन्म।
- श्रीलंका के क्रिकेटर सनत जयसूर्या का जन्म।
- पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी का विलय।
- हांगकांग से ब्रिटिश शासन खत्म हुआ।
- अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने देश में डिजिटल हस्ताक्षर को कानूनी मान्यता दी।
- स्पेन ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# विराट की काबिलियत पर संदेह करना भूल : नासिर हुसैन



**बारबाडोस।** टीम इंडिया के अलावा दक्षिण अफ्रीका एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने टी20 विश्व कप 2024 में अपने सभी मैच जीते हैं। अब फाइनल मैच इन दोनों टीमों का है, यानी बेस्ट बनाम बेस्ट। इस बीच खराब फर्म से जूझ रहे विराट को लेकर नासिर हुसैन ने बड़ी भविष्यवाणी की है।



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शनिवार को यानी आज ब्लॉकबस्टर मुकाबला होगा। हर किसी की निगाहें इस मैच पर टिकी हुई हैं। टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया और दक्षिण अफ्रीका दो ऐसी टीमें हैं, जो अब तक एक भी मैच हारे बिना फाइनल में पहुंची है। इन दोनों में जो भी टीम ट्रॉफी जीतेगी वो टूर्नामेंट के सभी मैच जीतते हुए टी20 ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने भारत के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि वह बड़े मैचों में हमेशा टीम के लिए मौजूद रहते हैं।

विराट कोहली ने मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूनार्मेंट में 10.71 की औसत से 75 रन बनाए हैं। हालांकि, कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा लगातार उनका समर्थन करने आए हैं।

इतना ही नहीं इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला जीतने के बाद तो रोहित शर्मा ने यह भी कह दिया कि विराट अपना बेस्ट परफॉर्मेंस फाइनल के लिए बचाकर रख रहे हैं। चाहे भारतीय क्रिकेटर हो या विदेशी हर कोई विराट की काबिलियत से वाकिफ है।

स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए नासिर ने टी20 विश्व कप 2022 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पाकिस्तान के खिलाफ कोहली के प्रदर्शन की ओर इशारा किया। नासिर ने कहा, आप एमसीजी में पाकिस्तान के खिलाफ मैच को याद करें, भारतीय टीम पूरी तरह बैकफुट पर थी। अंत में कौन था? जिसने कमान संभाली। यह भारतीयों के लिए अब तक का सबसे बड़ा मैच था। इसलिए विराट हमेशा बड़े मैचों में मौजूद रहता है।

पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर ने कहा कि किसी को भी बड़े मैचों में विराट कोहली पर संदेह नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोहली को न्यूयॉर्क की पिचों की वजह से समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

## फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर भारत हावी रहेगा

बारबाडोस। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व का फाइनल आज खेला जाना है। इस मैच में बारिश होने की पूरी संभावना है। खैर, बादल बरसे या न बरसे लेकिन मैच होने पर भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका पर जरूर बरसेगी।

टी20 क्रिकेट का नया 'बादशाह' कौन होगा यह बहुत जल्द पता चल जाएगा। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला बारबाडोस में खेला जाएगा। टी20 विश्व कप 2024 में अब तक सिर्फ जीत का स्वाद चखने वाली दोनों टीमें खिताबी जंग में पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार है। जानकारी के अनुसार, दोनों टीमें अपनी-अपनी प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं करने के इरादे में है।

परफॉर्मेंस के आधार पर भले ही दोनों टीमें एक बराबर नजर आ रही है, लेकिन आंकड़ों की



बात करे तो भारत का पलड़ा हावी है। चाहे बात आमने-सामने की लड़ाई की या नॉकआउट और फाइनल मैच खेलने के प्रेशर को हैंडल करने की हो, हर पैमाने पर टीम इंडिया एडन मार्करम की टीम से आगे है।

जब इस टूनार्मेंट के लिए भारत ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया था, तब कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की टीम में चार स्पिनर्स को रखने को लेकर खूब आलोचना हुई थी। लेकिन अब टीम मैनेजमेंट और कप्तान की रणनीति के बूते भारत फाइनल तक पहुंचा है।

वेस्टइंडीज लेग में स्पिनरों का बोलबाला देखने को मिल रहा है। उम्मीद यही है कि फाइनल मुकाबले में भी यह काम आएगा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के पास भी स्पिन का ऑप्शन भरपूर है। खुद कप्तान मार्करम भी ऑफ स्पिन करते हैं। इसके अलावा तबरेज शम्सी और केशव महाराज हैं। इनका स्पिन आक्रमण भी कुछ हद तक भारत जैसा है।

अब तक गेंदबाजी, बल्लेबाजी से लेकर फील्डिंग तक, सब में भारतीय खिलाड़ियों का दम देखने को मिला है।

## टीम इंडिया ने रचा इतिहास, बनाया टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर, ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड ध्वस्त



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बड़ा कारनामा किया है। शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के 9 विकेट पर 575 रनों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा टीम स्कोर खड़ा किया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय टीम ने रिकॉर्ड बनाने के बाद पहली पारी 6 विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की

ऑस्ट्रेलिया ने इस साल पर्थ में यह स्कोर बनाया था, लेकिन ऋचा घोष (86 रन) के एनेरी डर्कसन के 109वें ओवर की शुरूआती गेंद पर चौका लगाते ही भारत ने नया रिकॉर्ड बना दिया। इस उपलब्धि का श्रेय काफी हद तक भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (205 रन) और स्मृति मंधाना (149 रन) को जाता है, जिन्होंने 292 रन की ऐतिहासिक साझेदारी निभाई जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है।

जेमिमा रोड्रिग्स (55 रन) के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर (69 रन) और ऋचा ने अर्धशतक बनाकर योगदान दिया। भारतीय महिला टीम ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए थे, जो टेस्ट मैच में एक दिन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था। इससे उसने श्रीलंकाई पुरुष टीम के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिसने 2002 में कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 509 रन बनाए थे।

## ओलंपिक जाने वाली रिले धाविका किरण पहल ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता

### 50.95 सेकंड का ओलंपिक क्वालिफाइंग मार्क दूसरी बार पार किया

- **मध्यम दूरी के धावक परवाज खान ने 1500 मीटर में तीन मिनट 42.95 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता और पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर में 10.32 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता**



**नई दिल्ली।** ओलंपिक जा रही हरियाणा की किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 50 . 92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीत लिया। किरण ने 50.95 सेकंड का ओलंपिक क्वालिफाइंग मार्क दूसरी बार पार किया। हरियाणा की दीपांशी ने रजत और आंध्र प्रदेश की ज्योतिका श्री दंडा ने कांस्य पदक जीता। ज्योतिका भी पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य है। मध्यम दूरी के धावक परवाज खान ने 1500 मीटर में तीन मिनट 42.95 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता। पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर में 10.32 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ओडिशा के अनिमेष कुजुर को रजत और असम के अमलान बोरगोहेन को कांस्य पदक मिला।

महिला वर्ग में कर्नाटक की एस एस स्नेहा विजयी रहीं। महिलाओं के 1500 मीटर वर्ग में के एम दीक्षा तीसरे स्थान पर रही, जबकि पश्चिम बंगाल की लिली दास ने जीत दर्ज की। दिल्ली की चंदा दूसरे स्थान पर रही। पुरूषों के 400 मीटर फाइनल में मोहम्मद अनस ने फोटो फिनिश में मुहम्मद अजमल को हराया।



## आर्टिस्ट ने दीवार पर कोयले से बनाई रोहित शर्मा की तस्वीर

**अमरोहा (उत्तर प्रदेश)।** टी20 विश्व कप 2024 के खिताबी मुकाबले में भारत और द. अफ्रीका के बीच शनिवार यानी आज ब्लॉकबस्टर मुकाबला होगा। हर किसी की निगाहें इस मैच पर टिकी हुई हैं। वहीं, अमरोहा के युवा आर्टिस्ट जुहैब खान ने इस मौके पर दीवार पर कोयले से रोहित शर्मा की एक खास तस्वीर बनाई है।



जुहैब खान ने कोयले से रोहित शर्मा की एक स्पेशल तस्वीर बनाई और पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। उसने इस तस्वीर में पूरी टीम के लिए एक खास मैसेज में बेस्ट ऑफ लक लिखा। जुहैब खान ने कहा, ₹भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल मैच खेला जाना है। इसलिए मैंने यह तस्वीर बनाई है, मुझे उम्मीद है कि भारत यह मैच जीतेगा और पूरे देशवासी इस खुशी का जश्न मनाएंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शनिवार रात 8 बजे से टी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बारबाडोस में होने वाले फाइनल मैच से पहले देश भर में प्रार्थनाओं का दौर शुरू हो गया है। हर कोई अपने-अपने अंदाज में भारत की जीत की दुआ मांग रहा है।

भारतीय क्रिकेट फैंस में टी20 विश्व कप को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, हर कोई भारत माता की जय और जीतेगा इंडिया के नारे लगा रहा है। ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं, जिसमें फैंस हाथ में तिरंगा और विराट कोहली-रोहित शर्मा की फोटो लिए जश्न में डूबे हैं। टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया और दक्षिण अफ्रीका दो ऐसी टीमें हैं, जो अब तक एक भी मैच हारे बिना फाइनल में पहुंची है। इन दोनों में जो भी टीम ट्रॉफी जीतेगी वो टूनार्मेंट के सभी मैच जीतते हुए टी20 ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी।

नॉकआउट में भारत को 57 प्रतिशत सफलता मिली, जबकि दक्षिण अफ्रीका का यह रिकॉर्ड काफी खराब है। उसने 67 प्रतिशत नॉकआउट मैच गंवाए। दोनों ही टीमें शानदार फॉर्म में है और एक दूसरे को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है।

## अर्शदीप इतिहास रचने से तीन विकेट दूर

**बारबाडोस।** भारत टी 20 विश्व कप के शनिवार को होने वाले फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ने के लिए तैयार है। ऐसे में फाइनल में सभी निगाहें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर टिकी होंगी जो एक टी 20 विश्व कप में इतिहास बनाने से तीन विकेट दूर हैं। अर्शदीप सिंह मौजूदा टूनार्मेंट में 7.50 के इकोनॉमी रेट से 15 विकेट ले चुके हैं और टूनार्मेंट के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ने से तीन विकेट दूर हैं ।

अर्शदीप वर्तमान में सूची में चौथे स्थान पर हैं। अर्शदीप अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी से पीछे हैं, जो 17 विकेट के साथ सबसे आगे हैं, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा 2021/2022 सीजन में 16 विकेट के साथ और साथी श्रीलंकाई अजंता मेंडिस, जिन्होंने 2012/2013 संस्करण में 15 विकेट लिए थे, उनसे पीछे हैं। फारूकी ने हाल ही में हसरंगा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिससे अर्शदीप के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित हो गया।



जैसे ही दो अजेय टीमें आमने-सामने होने की तैयारी कर रही हैं, अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा। शुरूआती विकेट लेने और डैथ ओवरों में दबाव बनाए रखने की उनकी क्षमता भारत की सफलता में महत्वपूर्ण कारक रही है। फाइनल उन्हें न केवल सबसे ज्यादा बार आउट करने का रिकॉर्ड तोड़ने बल्कि क्रिकेट इतिहास में अपनी जगह पक्की करने का भी सुनहरा मौका देता है।

## कांग्रेस का आरोप-अदाणी समूह 'चीनी मदद' ले रहा

## पीएम से पूछा- क्या राष्ट्रीय सुरक्षा पर विचार करेंगे?

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत को चीन पर निर्भरता से मुक्त करने के लिए एक रणनीति बनाने का आह्वान भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें ये तय करना होगा कि करदाताओं के पैसे से चीनी कंपनियों को लाभ न पहुंचे।

### चीनियों को वीजा देने में नहीं हिचकिचाते हैं

वहीं सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि 'नॉन-बायोजिकल' प्रधानमंत्री ने 19 जून, 2020 को गलवान झड़प के बाद देश को यह कहकर बदनाम किया था कि ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है।

हालांकि वो अपने टेम्पोवाला दोस्त की मदद के लिए चीनी कामगारों को उदारता से वीजा जारी करने में बिल्कुल भी हिचकिचाहट नहीं दिखाते हैं। अपने पोस्ट में जयराम रमेश ने उस समाचार पत्र की रिपोर्ट को भी टैग किया है, जिसमें अदाणी सोलर की तरफ से केंद्र सरकार से कुछ चीनी इंजीनियरों को लाने के लिए अनुमति मांगी गई है।



### पीएम ने चुनाव में 'टेम्पोवाले' का किया था जिक्र

बता दें कि लोकसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए पूछा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव की रैलियों में अदाणी और अबांनी को गालियां देना क्यों बंद कर दिया और क्या टेम्पो भरकर नोट उनके पार्टी के लिए पहुंचे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से सबसे ज्यादा कर (टैक्स) हासिल करने वाले अदाणी समूह ने कथित तौर पर अपनी सौर उत्पादन परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है और 30 चीनी मजदूरों के लिए वीजा जारी करने की विशेष अनुमति मांगी है।

### 'भारत को चीन पर नहीं होना चाहिए निर्भर'

इस दौरान उन्होंने ने कहा, कि भारत को चीन पर निर्भरता से मुक्त करने के लिए उचित रणनीति बनाने का समय आ गया है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि करदाताओं के धन से चीनी कंपनियों को लाभ न पहुंचे। राष्ट्रीय हित से अधिक अपने मित्रों को प्राथमिकता देना प्रधानमंत्री का स्वभाव हो सकता है, लेकिन इसे राष्ट्रीय नीति नहीं बनने दिया जा सकता।

### चीन से भारत का बढ़ा आयात- रमेश

उन्होंने आगे कहा कि यह काफी बुरा है और ये रियायतें तब दी जा रही हैं, जब चीन पूर्वी लद्दाख में 2 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा किए हुए है। उन्होंने दावा किया कि चीन से भारत का आयात 2018-19 में 70 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

## नकली शराब से मौतों के बाद जागी स्टालिन सरकार

## नियम और कड़े करने के लिए संशोधन विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में हाल ही में अवैध देशी शराब पीने से कम से कम 34 लोगों की मौत गई थी। नकली शराब से मौतों के बाद आखिरकार स्टालिन सरकार जग ही गई। अब उसने कड़े नियम करने को लेकर तमिलनाडु निषेध अधिनियम 1937 में संशोधन के लिए तमिलनाडु विधानसभा में विधेयक पेश किया। मंत्री एस मुथुसामी द्वारा पेश किए गए इस विधेयक को बाद में सदन ने पारित कर दिया। विधेयक में अवैध शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, कब्जे, निर्माण, बोतलबंद और उपभोग जैसे अपराधों के लिए विभिन्न दंडों का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, 'सरकार कुछ भी छिपा नहीं रही है और हमने कल्लाकुरिची घटना के सिलसिले में लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सरकार अवैध शराब को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।'



उन्होंने आगे कहा, 'कल्लाकुरिची की घटना के बाद, मैंने कलेक्टरों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। मैंने उस बैठक में कहा था कि यदि भविष्य में किसी की जान जाती है तो पुलिस निरीक्षक और जिला पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे। हम अपने राज्य में अवैध शराब को कम करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। मैं सभी से राजनीति को अलग रखने और तमिलनाडु में ड्रग्स को खत्म करने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील करता हूं।' कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मद्देनजर लाया गया यह संशोधन अधिनियम की धारा 4,5,6,7 और 11 के तहत विभिन्न अपराधों के लिए कारावास की अवधि और जुमार्ने की मात्रा में पर्याप्त वृद्धि करता है। इसमें कहा गया है कि अवैध शराब पीने के कारण मौत के मामले में अवैध शराब तस्करों के लिए आजीवन कारावास की सजा होगी और उस पर कम से कम 10 लाख रुपये का जुमार्ना नहीं होगा।

### तमिलनाडु निषेध अधिनियम, 1937 में हुआ संशोधन

राज्य सरकार ने शनिवार को तमिलनाडु निषेध अधिनियम, 1937 में संशोधन किया ताकि जीवन को खतरे में डालने वाली अवैध शराब के निर्माण, रखने और बेचने जैसे अपराधों के लिए सजा की अवधि और जुमार्ने की मात्रा में काफी वृद्धि की जा सके। तमिलनाडु निषेध (संशोधन) अधिनियम, 2024, जो सरकार द्वारा अधिसूचित तारीख को लागू होगा, का उद्देश्य राज्य से अवैध शराब के खतरे को पूरी तरह से समाप्त करना है।

### नौ पुलिसकर्मी निलंबित

सरकार ने घटना के बाद कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ का तबादला कर दिया, जबकि पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीणा को निलंबित कर दिया। नौ अन्य पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया गया है, जिनमें कल्लाकुरिचि जिले की मद्यनिषेध शाखा के भी पुलिसकर्मी शामिल हैं। विपक्ष के नेता इडापड्डी के पलानीस्वामी ने स्थानीय समाचारों का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा कि अवैध शराब पीने के बाद करीब 60 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, 'जब से द्रमुक सरकार सत्ता में आयी है तब से अवैध शराब से मौतें हो रही हैं। मैं विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाता रहा हूं और कार्रवाई की मांग करता रहा हूं।

### यह है मामला

गौरतलब है, इस सिलसिले में 49 वर्षीय (अवैध शराब विक्रेता) के.कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके पास से जब्त की गई करीब 200 लीटर अवैध शराब की जांच में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथनॉल' मौजूद था। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस घटना की समग्र विवेचना के लिए सीबी-सीआईडी जांच का आदेश दिया है।

## केरल में टैंकर लॉरी से लीक हुई जहरीली गैस, आठ कॉलेज छात्र पड़े बीमार, अस्पताल में भर्ती



- **आरोप है कि टैंकर लॉरी के सड़ जाने के कारण यह लीकेज हुआ है।**

**केरल।** केरल के कन्नूर जिले के रामपुरम में एक टैंकर लॉरी से गैस लीक होने लगी। गैस लीक होने से नर्सिंग कॉलेज के लगभग 8 छात्र बीमार पड़ गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। टैंकर लॉरी से हाइड्रोक्लोरिक एसिड को दूसरे टैंकर में ट्रांसफर किया जा रहा है।

मैंगलोर से कर्नाटक के एनार्कुलम जा रहे टैंकर लॉरी से हाइड्रोक्लोरिक एसिड ली हुआ। लीकेज के बाद लॉरी को रोक दिया गया। इसके बाद गैस को दूसरे टैंकर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। गैस निकालने के दौरान यह हादसा हुआ। कॉलेज के छात्रों को बेचैनी और सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उन्हें परियारम मेडिकल कॉलेज और पझायंगडी तालुक अस्पताल ले जाया गया।

इस क्षेत्र से लगभग एक किलोमीटर के दायरे रहने वाले लोगों को शिफ्ट कर दिया गया है। इस घटना के बाद पय्यान्नूर और परियायम पुलिस की एक दमकल टीम मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू की। लेकिन रिसाव को पूरी तरह से रोका नहीं जा सका। आरोप है कि टैंकर लॉरी के सड़ जाने के कारण यह लीकेज हुआ है।

# दुनिया में छा गए नोएडा के पूर्व डीएम : सुहास एलवाई बने विश्व के नंबर एक पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी, योगी ने दी बधाई

**नोएडा करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और भारत के प्रतिभाशाली पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में उन्होंने फ्रांस के दिग्गज लुकास माजुर को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी का ताज अपने सिर सजा लिया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुहास एलवाई को बधाई दी है।




## मील का पत्थर साबित हुआ

बीते 19 से 23 जून तक चले इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुल 14 पदक अपने नाम किए हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। उनके नाम अब 60,527 अंक हैं, जो उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी माजुर (58,953) से अधिक हैं। इस उपलब्धि ने सुहास को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित कर दिया है, जहां वे भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## कौन है सुहास यथिराज

सुहास का जीवन एक प्रेरणादायक कहानी है। कर्नाटक के शिमोगा के मूल निवासी सुहास बचपन से ही दाहिने पैर से विकलांग थे, लेकिन उन्होंने इसे कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। एक खिलाड़ी के रूप में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण, एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण और कांस्य, और एशियाई चैंपियनशिप 2016 में स्वर्ण पदक जीता है। एक प्रशासक के रूप में सुहास ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सेवा दी है। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने सुहास एलवाई को 3 मार्च 2020 को गौतमबुद्ध नगर का जिलाधिकारी बनाकर भेजा था। सुहास एलवाई महाराजगंज, सोनभद्र, हाथरस, प्रयागराज, जौनपुर और आजमगढ़ के जिलाधिकारी रह चुके हैं। बीते 27 फरवरी 2023 को सुहास एलवाई का प्रमोशन हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको खेलकूद विभाग का सचिव नियुक्त किया है।

# भारत की वर्ल्ड कप में जीत को लेकर किया हवन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** भारत व दक्षिण अफ्रीका के बीच वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला है, भारत की जीत की कामना करते हुए शनिवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा महायज्ञ का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अधिकारियों ने बताया कि यह भारत के फाइनल वर्ल्ड कप जीत के जश्न के लिए यज्ञ कराया जा रहा है। इस यज्ञ से यह कामना की है कि शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के बीच जो मैच होने वाला है उसमें भारत की जीत पक्की हो। गुरुकुल के छात्र को यज्ञ कराने के लिए निमंत्रण दिया था जिसके पश्चात शनिवार को इस यज्ञ का आयोजन किया गया और प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर वर्ल्ड कप भारत की झोली में लेकर आए। प्रवीण नागर ने कहा कि सभी देशवासियों को इस घड़ी, इस क्षण का इंतजार है, कि भारतीय टीम की झोली में वर्ल्ड कप आए।

# पार्षद धीरज अग्रवाल ने लगवाया स्वास्थ्य कार्ड शिविर

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के वार्ड 81 में पार्षद धीरज अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य आभा हेल्थ कार्ड शिविर शक्ति खंड 1 में स्वास्थ्य विभाग मकनपुर डिस्पेंसरी की प्रमुख डॉ. स्मृति शर्मा के सौजन्य से लगवाया। इस शिविर में लगभग 203 लोगों ने कार्ड बनवाये। धीरज अग्रवाल ने इस कार्ड की महत्ता एवं भविष्य में होने वाले लाभ बताते हुए विभिन्न समाजिक संगठनों को एवं स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों को घन्यवाद दिया। इस अवसर पर अशोक पंडित, प्रयाम सक्सेना, घीरज शर्मा प्रीति घ्यानी, सुषमा पांडेय, मंजू सिंह डालचंद शर्मा आदि मौजूद रहे।



# पशु कटान कर रहे तीन युवक गिरफ्तार, औजार व मांस भी बरामद



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की मलिक नगर कॉलोनी में खुलेआम पशु कटान कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवकों के कब्जे से पशु कटाने में प्रयोग आने वाले औजार व मांस भी बरामद किया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि नगर की मलिक नगर कॉलोनी में खुलेआम पशु कटान किया जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पशु कटान कर रहे तीन युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम सलमान, गुलजान, शाहनबाज निवासी मुरादनगर बताया है। पुलिस ने युवकों के पास से पशु कटान के औजार व पशुओं का मांस बरामद किया है। पूछताछ में युवकों ने बताया कि बेचने के लिए पशु कटान कर रहे थे। एसीपी ने बताया कि पशु क्रुरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# आईपीसी धाराओं के बदलाव को लेकर थाना वेव सिटी में हुई मीटिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद कमिश्नरेट थाना वेव सिटी पुलिस ने जनता के साथ मीटिंग तथा जनता को नये कानून और धाराओं से अवगत कराते हुए उन्हें जानकारी दी। वेव सिटी थाना प्रभारी अंकित कुमार चौहान ने सभी को नए कानून और धाराओं से अवगत कराया। क्षेत्रीय जनता ने भी मीटिंग में भारी संख्या में पहुंचकर नया कानून और धाराओं को जानने के लिए मीटिंग में हिस्सा लिया। आयोजन का समापन करते हुए एक सुर में सभी ने राष्ट्रगान भी गाया। इस मौके पर डासना चेयरमैन पति डॉ. मुजाहिद हुसैन, सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, अरुण चंद्रा, सतेंद्र चौहान, सुनील नायफल, संजय नागर, सभासद हाफिजी साईदुद्दीन व दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।





# व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती : संदीप बंसल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** व्यापारी कुल में जन्मे राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव के प्रतीक दानवीर भामाशाह की जयंती को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश सरकार द्वारा घोषत व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया। व्यापारी कुल में जन्मे दानवीर भामाशाह मेवाड़ के महाराजा महाराणा प्रताप के महामंत्री भी रहे। जब मेवाड़ की अस्मिता पर आंच आई तो भामाशाह ने अपनी कुल संपत्ति को महाराणा प्रताप को सौंप दिया और मुगलों से मेवाड़ को स्वतंत्र कराने में महाराणा का सहयोग किया।



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल कई वर्षों से सरकार से व्यापारी दिवस की मांग करते आ रहे थे उनकी मांग पर ध्यान देते हुए सरकार ने भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया जिसका समस्त व्यापारी समाज की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व्यापारियों ने आभार जताया।

जिला अध्यक्ष बंसल ने सरकार द्वारा व्यापारियों की मांग को पूर्ण करने पर खुशी मनाते हुए सभी व्यापारियों का मुंह मीठा कराया और मिठाई का वितरण किया संस्था के मुख्य कार्यालय मुख्य कार्यालय 50 नया गंज पर मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अनेक व्यापारियों ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप बंसल, दीपक गर्ग, राजेश बंसल, प्रेम प्रकाश चीनी, अमन सिसौदिया, अनिल गर्ग, पार्षद अजीत निगम, महेंद्र कुमार, राहुल कंसल, अरुण मित्तल, संजय गुप्ता, सोनू सैनी, मयंक गर्ग, धनेश मित्तल, विनोद अग्रवाल, श्रीपाल यादव, सुन्दर लाल, सकुल अग्रवाल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# रंगदारी मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** थाना टीला मोड़ पुलिस टीम ने रंगदारी मांगने और ना देने पर जान से मारने की धमकी देने के अरोप में दो को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त सेल फोन बरामद हुआ है, पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर दोनों को जेल भेज दिया है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गुरुवार को विकास पुत्र ओमप्रकाश हर्ष विहार ने फोन पर 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले विनोद व पंकज के विरुद्ध टीला मोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को गिरफतार कर लिया है।

पूछतांछ में दोनों ने बताया कि नोएडा की एक कंपनी में काल सेंटर में काम करते हैं तथा जुआ अय्याशी के आदी हैं खर्चा न चलने पर दोनों ने विकास जो कि इनका पड़ोसी है, विकास को फोन कर तीस लाख रुपए की मांग की। पुलिस ने 24 घंटे में ही सक्रियता से दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पोर्टल अपडेट होने से डेढ़ हजार जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अटके

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) पोर्टल अपडेट होने से नगर निगम में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। लोग निगम के पांचों जोनल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। करीब डेढ़ हजार प्रमाण पत्र अटके हैं। प्रमाण पत्र नहीं बनने से लोग विभिन्न योजना में आवेदन नहीं कर पा रहे। महारजिस्ट्रार कार्यालय ने सीआरएस पोर्टल को प्रदेश में 18 जून को अपडेट किया है। नए पोर्टल में कई नई सुविधा देने का दावा किया है। इनमें आम जनता द्वारा जन्म-मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन, विलंबित पंजीकरण के संबंध में ऑनलाइन शुल्क भुगतान, प्रमाण पत्रों का इलेक्ट्रिक वितरण, फर्जी प्रमाण पत्र की जांच, रजिस्ट्रार के कार्य पर्यवेक्षण, एसएमएस या ईमेल से सूचना मिलने की सुविधा है। लेकिन पोर्टल अपडेट होने के बाद लोगों की परेशानी बढ़ गई है।




# थानों से कब तक आउट रहेगी महाराज जी की तस्वीर

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सूबे वाले भगवाधारी महाराज जी की फोटो कमिश्नरेट सिस्टम के तमाम कार्यालयों से लेकर थानों और खास ऑफिस में नजर आती थी। इसके बाद चुनावी सीजन में इन फोटो को अंडरग्राउंड कर दिया गया, बताया जाता है कि आचार संहिता के चलते ऐसा फैसला हुआ था। सुनने में आ रहा है कि चुनावी आचार संहिता खत्म होने के बावजूद भी अभी तक मिट्टी में मिला देने वाले महाराज जी की फोटो प्रमुख थानों और खास कार्यालयों से लेकर थानों तक में नजर नहीं आ रही है। अब ऐसा क्यों हो रहा है, क्या पुलिस के खास अधिकारियों थानों के प्रभारी और अन्य अधिकारियों को किसी आदेश का इंतजार है या मामला कुछ और चल रहा है। वैसे भगवा दल वालों से लेकर सभी ने उत्तर प्रदेश को लेकर बड़ी घोषणा की थी, उसके बाद से जब चुनावी रिजल्ट आया तो वर्तमान में प्रदेश में माहौल कुछ अलग चल रहा है। जो पुलिस कभी भगवा महाराज जी के कार्यकाल, भौकाल और अंदाज की तारीफ करते नहीं थकती थी, वह खाकी इन दिनों तस्वीर से क्यों तौबा कर रही है। सवाल उठ रहा है कि कई कार्यालयों में तो सीन ऐसा है कि यूपी सरकार वाला एक कैलेंडर भी इन दिनों अधिकारियों की टेबल से गायब हो गया है। सूत्र बताते हैं कि उसमें प्रदेश वाले महाराज जी की फोटो लगी थी इसी वजह से उस कैलेंडर को भी अंडरग्राउंड कर दिया गया था, लेकिन अंदर ग्राउंड किए गए यह कैलेंडर ऑन टेबल कब किए जाएंगे कुछ पता नहीं है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई कार्यालय भी ऐसे हैं, जहां महाराज जी की भगवाधारी वाली चमचमाती तस्वीर लगी थीं, लेकिन इन दिनों वो किस अलमारी और बॉक्स में रखी हुई हैं पता नहीं चल पा रहा है। उधर भगवा दल वालों और खाकी वालों के बीच एक के बाद एक नए किस्से बीते कुछ महीनो के दौरान सामने आ चुके हैं। जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रमुख चेहरों की नाराजगी के बावजूद भी कमिश्नरेट वाले सिस्टम पर कोई असर नहीं पड़ा, सब कुछ पहले की तरह जारी है। जो जनप्रतिनिधि तकरार और चेतावनी वाले तेवर दिखा रहे थे, वह भी शांत वाला मोड़ ले चुके है। कुल मिलाकर अपने प्रदेश से लेकर कई उन प्रदेशों तक में अपना डंका बजवाने वाले महाराज जी की उनके ही प्रदेश के खास जनपद के थानों और कार्यालय से गायब चल रही तस्वीर की कहानी का रहस्य कब खुलता है यह देखना बेहद दिलचस्प रहेगा।




# सभी लोकसभा प्रत्याशियों को 1 जुलाई तक व्यय रिपोर्ट देने के निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में लेखा समाधान बैठक व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में हुई। लोकसभा चुनाव की मतगणना से 25वें दिन होने वाली लेखा समाधान बैठक व्यय प्रेक्षक टी.अरिवाझगन एवं सौरव नायक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 14 लोकसभा प्रत्याशियों में से 11 लोकसभा प्रत्याशी रहे। अनुपस्थित प्रत्याशियों में रवि कुमार पांचाल, पूजा सक्सेना, आनंद कुमार रहे। मान्य व्यय प्रेक्षकों द्वारा सभी लोकसभा प्रत्याशियों को आखरी मौका देते हुए कहा गया कि1 जुलाई तक अपने सभी व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करें, तभी उन्हें जांच कर अपलोड किया जा सकता है। आगामी बैठक 1 जुलाई को अपराह्न 3:00 बजे होगी। बैठक में प्रत्याशी, प्रतिनिधि, सीटीओ पुष्पांजलि, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# हापुड़ में विदेश भेजने के नाम पर ठगी

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में हांगकांग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 8.63 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने फर्जी वीजा तैयार कर पीड़ितों को दे दिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने आरोपियों से रुपये मांगे तो जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित युवक की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सोशल मीडिया के जरिए हुई बातचीत

दरअसल, रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शहर के मोहल्ला कानून गोयान के इरफान अहमद ने बताया कि वह एसी (अउ) ठीक करने का काम करता है। लेकिन काफी दिनों से काम न चलने के कारण वह काफी परेशान चला आ रहा है।

कुछ दिन पहले सोशल मीडिया के जरिए उसकी बातचीत जिला मुरादाबाद के कुंदरकी बाजार के जीशान से हुई थी। आरोपियों ने पीड़ित को बताया कि उसकी नौकरी हांगकांग में लगवा सकता है।

# ऑनलाइन गेम में हारे रुपये, कर्जा चुकाने के लिए कर डाला नानी का मर्डर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र के अर्थला में ऑनलाइन गेम में हारे रुपये का कर्ज उतारने और ठेली का किराया देने के लिए नानी ने रुपये नहीं दिए तो नाती ने गला दबाकर हत्या कर दी। कुंडल और दो हजार रुपये लूटकर ले गया। घटना आठ जून की है। 28 जून को मृतका के बेटे ने लूट और हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर शनिवार को नाती को गिरफ्तार कर घटना का राजफाश किया।

पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि खारा कुआं चौक अर्थला के शिव मंदिर के पास रहने वाले अशोक कुमार की मां हरप्यारी आठ जून को घर में बेसुध हालत में मिली थीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

उनकी मां के कुंडल और मंदिर के पीछे रखे दो हजार रुपये गायब थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या होने की पुष्टि हुई। स्वजन अंतिम संस्कार और अन्य कार्रवाई में जुट गए।




## बेटे ने कराई थी लूट-हत्या की रिपोर्ट

28 जून बेटे अशोक की ओर से साहिबाबाद कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ लूट और हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी शनिवार को मृतका हरप्यारी के नाती रामनगर अर्थला के ही विनोद को गिरफ्तार किया है। विनोद ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मामा अशोक व भगवान सिंह अर्थला साहिबाबाद में रहते हैं।

दुकान का किराया भी नहीं दिया था। आठ जून को मामा अशोक के घर से अपने मामा भगवान सिंह के कमरे पर गया। जहां नानी मिलीं। उसने नानी से रुपये मांगे। नानी ने रुपये देने से मना कर दिया। दोनों में विवाद हुआ और हाथापाई भी हो गई। नानी बेड पर गिर गई। सीने पर घुटना रखकर नानी का गला दबा दिया।

## गेम में रुपये हारकर हुआ कर्जदार

करीब महीने भर पहले वह मामा अशोक के घर आया था। यहीं पर अर्थला स्थित एक दुकान किराये पर लेकर चाउमीन, समोसे बनाने का काम करने लगा। करीब एक साल से ऑनलाइन जूपी लूडो व तीन पत्ती गेम में रुपये लगाता था। गेम में रुपये हारने पर उसपर कर्ज हो गया था।

# वार्ड 84 में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर विधानसभा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, वार्ड 84 के पार्षद प्रवीण चौधरी, महानगर संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ एवं वार्ड प्रभारी वीरेंद्र सारस्वत के द्वारा पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस क्रम में वार्ड 84 में सेक्टर 9 के राम पार्क में ओमप्रकाश भोला, जितेंद्र रंधावा सिमरन रंधावा, आरती गौड, तारा सिंह, किरण पोपली, रूपाली गुप्ता, किरण चौधरी, व अन्य वार्ड के सदस्यों के साथ सामूहिक रूप से पौधरोपण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया।

## कार ने युवती को मारी टक्कर, उछलकर 10 फीट दूर सड़क पर गिरी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में हिट एंड रन की घटना सामने आई है। इंदिरापुरम इलाके में कार ने सड़क पर पैदल चल रही युवती को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवती हवा में उछल गई और करीब 10 फीट दूर जाकर गिरी। इस हादसे के बाद आरोपी कार चालक फरार हो गया। घायल युवती को निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

ये हादसा शुक्रवार शाम इंदिरापुरम इलाके के नीति खंड इलाके में हुआ। इस हादसे से जुड़ी एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। इसमें एक युवती सड़क किनारे पैदल चल रही थी। इस दौरान पीछे से सफेद रंग की कार आई और युवती को टक्कर मार दी। युवती बोनट के ऊपर गिरी और उछलते हुए करीब 10 फीट दूर जाकर गिरी। इस हादसे के बाद आरोपी कार चालक ने रुकना मुनासिब नहीं समझा।

# खोड़ा में दानवीर भामाशाह जयंती का हुआ आयोजन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को खोड़ा स्थित अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार परिषद के आदर्श नगर कार्यालय पर राममोहन गुप्ता के नेतृत्व में शिरोमणि दानवीर भामाशाह की 477वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिला अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने की, संचालन गौरव गुप्ता ने किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए कृषि अनुसंधान दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने दानवीर भामाशाह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। सभी वक्ताओं ने दानवीर भामाशाह द्वारा राष्ट्रहित में किये गयेद त्याग से अवगत कराया। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने कहा कि मुगलों से लड़ाई के दौरान जब महाराणा प्रताप पर आर्थिक तंगी के कारण अपनी सेना के लिए हथियार और खान-पान की व्यवस्था की तंगी आन पड़ी थी और मजबूरन उनकी सेना घास की रोटी खाने पर मजबूर थी तब राजस्थान चित्तौड़गढ़ के राजा दानवीर भामाशाह ने राष्ट्रहित के लिए अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप को धन, बल, शस्त्र के लिए दे दी थी ताकि वह मुगलों से लड़ाई लड़ सकें और उनका अत्याचार खत्म कर सकें। इस लड़ाई को जीतने के लिए दानवीर भामाशाह ने संपत्ति के साथ अपने पुत्र को भी महाराणा प्रताप के साथ भेजा था। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास गुप्ता, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष विष्णु गुप्ता खोड़ा अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, हरेंद्र चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष चमन चौहान, श्रीकांत गुप्ता, वरुण शर्मा, अमित गुप्ता, अशोक गुप्ता, श्याम गुप्ता, ताराचंद गुप्ता, मयंक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# सौतेले पिता ने युवती के साथ किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज, गिरफ्तार

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी में चारपाई पर सो रही 18 साल की युवती के साथ सौतेले पिता ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का विरोध करने पर युवती को मारपीट कर घायल भी कर दिया गया। युवती की मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला की कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति से दूसरी शादी हुई थी। महिला की पहली शादी से पांच बच्चे थे, जो अपने पिता के पास ही रहते हैं। कुछ दिन पहले तीन बच्चे अपनी मां के पास रहने के लिए नगर की एक कॉलोनी में आ गए। बताया जा रहा है कि महिला की 18 साल की पुत्री शुक्रवार रात को चारपाई पर सो रही थी। आरोप है कि देर रात दो बजे अचानक महिला का पति अंसार अचानक चारपाई पर सो रही युवती के पास पहुंचा और उसे दबोच लिया। इसके बाद उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने दुष्कर्म का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। सुबह जब युवती चारपाई से नहीं उठी तो उसकी मां ने कारण पूछा। इसके बाद युवती ने अपनी मां को पूरी बात बताई। मां ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी सौतेले पिता अंसार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। युवती का मेडिकल परीक्षण कराकर उसके जल्द मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए जाएंगे।



# अंतरिक्ष में और दिन बिताएंगी सुनीता विलियम्स

## मिशन की अवधि 90 दिन करने पर विचार कर रहा नासा

**वाशिंगटन।** नासा के दो अंतरिक्ष यात्री को लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ सकता है, क्योंकि नासा इस मिशन की समय सीमा बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने बताया कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी स्टारलाइनर के मिशन की अवधि 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन पर विचार किया जा रहा है।



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बुच विलमोर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसे हैं। बोइंग का सीएसटी-100 स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट 15 दिन से अंतरिक्ष में अटका है। दोनों 5 जून को स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष स्टेशन तक गए थे। तय कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें स्टारलाइनर के साथ 13 जून को धरती पर लौटना था लेकिन विमान में गड़गड़ी के कारण उनकी वापसी नहीं हो पाई है। नासा के अधिकारियों ने कई बार यह संकेत दिया कि स्टारलाइनर, जो कि जून में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर गया था, उसने हीलियम लीक और थ्रस्टर आउटेज की समस्याओं का सामना किया था। यह दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को घर लाने के लिए सुरक्षित होाग। शुक्रवार को नासा के अधिकारियों ने कहा कि हम केवल न्यू मैक्सिको के परीक्षण निष्पादित करने की समयसीमा देख रहे हैं, और फिर डाटा की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि नासा न्यू मैक्सिको में आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि स्टारलाइनर के कुछ थ्रस्टर्स अपनी यात्रा के पहले चरण के दौरान अप्रत्याशित रूप से विफल क्यों हुए?

बोइंग के लिए वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के उपाध्यक्ष और कार्यक्रम प्रबंधक स्टिच और मार्क नैपी ने कहा कि इंजीनियर अभी भी स्टारलाइनर की समस्यों के पीछे के कारण के बारे में निश्चित नहीं हैं। नैपी ने कहा कि उद्देश्य का एक हिस्सा वाहन के अंतरिक्ष में रहते हुए ग्राउंड टेस्ट आयोजित करना है। ताकि थ्रस्टर्स में खराबी के संभावित कारणों का पता लगाया जा सके।

वहीं सुनीता विलियम्स और विल्मोर वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद बाकी क्रू के साथ एकीकृत हो गए हैं, और काम कर रहे हैं। बता दें कि जब यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की ओर जा रहा था, तब हीलियम लीक की पहचान की गई थी, साथ ही थ्रस्टर की समस्याएं भी थीं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्टारलाइनर का सर्विस मॉड्यूल, अंतरिक्ष यान के निचले भाग में एक बेलनाकार लगाव है, जो उड़ान के दौरान वाहन की अधिकांश शक्ति प्रदान करता है। इसको यहां कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।

वैसे डिजाइन के अुनसार सर्विस मॉड्यूल पृथ्वी पर लौटने के बाद जीवित नहीं रहेगा। स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के वायुमंडल में प्रवेश करते ही मॉड्यूल को फेंक दिया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है। यही कारण है कि बोइंग और नासा की टीमों ने तब स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन के साथ सुरक्षित रूप से डॉक का विकल्प चुना। जबकि वे उन मुद्दों के बारे में अधिक से अधिक जानने के लिए काम करते रहे।

हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि नासा मिशन की अवधि को 90 दिनों तक बढ़ाएगा या नहीं। शुक्रवार को स्टारलाइनर के कमांडर और पायलट, बुच विल्मोर और किबो में सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष वनस्पति विज्ञान का काम किया। उन्होंने किबो के एक्सप्रैस रैक से प्लांटर हैबिटेट ग्रोथ चैंबर को हटा दिया, इसके कैमरे और कॉर्बन डाइऑक्साइड सेंसर को बदल दिया, फिर शोध उपकरण को फिर से स्थापित किया।

# रूस के साथ जंग खत्म करने को तैयार यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की

### बोले- एक बड़ी योजना पर चल रहा काम

**कीव।** यूक्रेन हाल ही में अपने 10 लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कैदियों की रिहाई के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी। इसी बीच उन्होंने बताया कि रूस के साथ जंग समाप्त करने के लिए वह एक बड़ी योजना तैयार कर रहे हैं। उनका मानना है कि उनकी योजना का दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा।



**युद्ध को समाप्त करने के लिए... :** यूक्रेनी राष्ट्रपति ने स्लोवेनियाई राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर के साथ शुक्रवार को कीव में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमारे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम युद्ध को समाप्त करने के लिए एक ऐसी योजना पेश करें, जिसका दुनिया के अधिकतर देशों द्वारा समर्थन किया जाएगा।'

**यह एक कूटनीतिक मार्ग :** उन्होंने आगे कहा कि यह कूटनीतिक मार्ग है, जिस पर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है।

**फिलहाल कोई बातचीत नहीं :** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सार्वजनिक बयानों के आधार पर, यूक्रेन और रूस के बीच वर्तमान में कोई बातचीत नहीं चल रही है और संभावित शांति समझौते की शर्तों के मामले में दोनों पक्ष पहले की तरह ही एक दूसरे से दूर दिखाई दे रहे हैं।

**यूक्रेनी की चेतावनी :** यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि शांति वार्ता शुरू होने से पहले रूस को अपने सैनिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से बाहर निकालना होगा, जिसमें क्रीमिया प्रायद्वीप भी शामिल है। इसपर मॉस्को ने 2014 में कब्जा कर लिया था। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन से मांग कर रहे हैं कि वह अपने पूर्व और दक्षिण के क्षेत्रों को खाली करके आत्मसमर्पण कर दे, जिस पर अब रूस का कब्जा है।

**10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब :** इससे पहले, जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, हम अपने 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहे। हालांकि, जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि रिहाई यूक्रेन में बंद रूसी कैदियों से जुड़े समझौते का हिस्सा थी या नहीं। जेलेंस्की ने बताया कि जिन लोगों को रिहा किया गया है, उनमें से कुछ 2017 से जेल में हैं। इन लोगों को पूर्वी यूक्रेन के रूसी नियंत्रित हिस्सों से गिरफ्तार किया गया था। रूस ने 2014 से ही क्रीमिया प्रायद्वीप के साथ चार यूक्रेनी क्षेत्र- डोनेट्स्क, खेरसॉन, लुगांस्क और जापोरिजिया पर कब्जा किया हुआ है।



# पाक ने दी अफगानिस्तान में घुसकर हमला करने की धमकी

### भड़का तालिबान, कहा- नतीजे भुगतने होंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आतंकवाद को लेकर एक बार विवाद गहरा गया है। दोनों देश एक दूसरे को गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी दे रहे हैं। दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी थी कि आतंकवाद के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के तहत अफगानिस्तान में प्रतिबंधित आतंकवादी समूह टीटीपी के ठिकानों को निशाना बना सकता है। इससे अफगानिस्तान तिलमिला उठा। उसने शुक्रवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर उसके देश में घुसपैठ की गई तो उसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

**अफगानिस्तान की धमकी :** अफगानिस्तान रक्षा बल ने चेतावनी दी कि हमारे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घुसपैठ, चाहे वह किसी भी बहाने या आड़ में हो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और उल्लंघनकताओं को जवाबदेह ठहराया जाएगा। रक्षा बल ने आगे कहा कि अफगानिस्तान की राष्ट्रीय संप्रभुता के संभावित उल्लंघन के संबंध में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का हालिया बयान मूर्खतापूर्ण है और यह मामला उलझाने की कोशिश है। इससे किसी को फायदा नहीं होने वाला है। पाकिस्तान के नेतृत्व को महत्वपूर्ण मुद्दों पर इस तरह के संवेदनशील बयान देने से बचना चाहिए।

**क्या है पाकिस्तान का सैन्य अभियान? :** पाकिस्तान की सरकार ने पिछले सप्ताह अज्म-ए-इस्तेहकम (जिसका अर्थ है स्थिरता के लिए संकल्प) नाम के सैन्य अभियान को मंजूरी दी थी। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य पाकिस्तान के खिलाफ तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के विद्रोहियों द्वारा अपनी सरजमीं का इस्तेमाल रोकना है।

**फैसला किसी भी जल्दबाजी में नहीं लिया :** एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में आसिफ ने कहा कि आतंकवाद रोधी अभियान शुरू करने का फैसला किसी भी जल्दबाजी में नहीं लिया गया है।

#### आतंकवाद का निर्यात कर रहा अफगानिस्तान

रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ नहीं होगा, क्योंकि अफगानिस्तान पाकिस्तान में आतंकवाद का निर्यात कर रहा है और वहां निर्यातकों को शरण दी जा रही है। टीटीपी पड़ोसी देश से अपनी गतिविधियां चला रहा है, लेकिन इसके कुछ हजार कैडर देश के अंदर से ही काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिबंधित संगठन के साथ बातचीत की किसी भी संभावना से इनकार करते हुए कहा कि इसका कोई साझा आधार नहीं है।

# यूएन ने अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति पर जताई चिंता

**अफगानिस्तान।** महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव के उन्मूलन पर संयुक्त राष्ट्र समिति (सीईडीएडब्ल्यू) ने अफगानिस्तान के भविष्य पर यूएन के तत्वाधान में आयोजित हो रही बैठक से महिलाओं व लड़कियों को शामिल ना किए जाने पर गहरी चिंता जताई है। अफगानिस्तान के विशेष दूतों की दो-दिवसीय बैठक इस सप्ताहांत कतर की राजधानी दोहा में होगी।



### दो दिन होगी बैठक

30 जून से एक जुलाई तक होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता, शांतिनिर्माण एवं राजनैतिक मामलों की प्रमुख और अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो करेंगी। इस दौरान अफगानिस्तान के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और अंतरराष्ट्रीय संपर्क व बातचीत को ढांचागत ढंग से आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है।

**तालिबान प्रशासन को किया आमंत्रित :** अवर महासचिव रोजमैरी डीकार्लो ने 18-21 मई को अफगानिस्तान की यात्रा के दौरान, सत्तारूढ़ तालिबान प्रशासन को इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए महासचिव एंटोनियो गुटेरेश की ओर से आमंत्रित किया था।

अफगान महिलाएं अपने हक के लिए लड़ रहीं

यूएन समिति सीईडीएडब्ल्यू ने दुख जताया है कि अफगान महिलाएं फिलहाल दुनिया में अपने अधिकारों के लिए सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण संकट का सामना कर रही हैं। इसके मद्देनजर, उन्होंने इस बैठक में महिलाओं को सक्रिय व प्रत्यक्ष रूप से शामिल किए जाने का आग्रह किया है।

समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में विफल रहने से अफगान महिलाओं व लड़कियों की चुप्पी और बढ़ेगी, जबकि उनके अधिकारों का पहले ही गंभीर रूप से हनन हो रहा है।

### महिलाओं की स्थिति बद से बदतर

समिति ने अफगानिस्तान में महिलाओं व लड़कियों के लिए बद से बदतर होती स्थिति पर बार-बार चिंता जताई है, जिससे मौजूदा और भावी पीढ़ियों को ऐसा बड़ा नुकसान पहुंच रहा है, जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल होगा।

समिति के अनुसार शिक्षा व रोजगार के अवसरों को नकारा जाने और आवाजाही व सार्वजनिक स्थलों पर उपस्थिति पर पाबंदियां थोपे जाने से, महिलाओं का सार्वजनिक जीवन से दूर रखे जाने की प्रवृत्ति गहराई तक रच-बस रही है।

# यूक्रेन अपने 10 लोगों को रूस की कैद से वापस लाने में कामयाब

**विशेष।** यूक्रेन अपने 10 लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहा है। वेटिकन की मध्यस्थता से हुए समझौते के बाद कैदियों की रिहाई संभव हो पाई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कैदियों की रिहाई के बारे में शुक्रवार को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि रूस और बेलारूस में बंदी बनाए गए एक राजनेता और दो पुजारियों सहित 10 नागरिकों को रिहा कर दिया गया है।


जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, हम अपने 10 और लोगों को रूसी कैद से वापस लाने में कामयाब रहे। हालांकि, जेलेंस्की ने यह नहीं बताया कि रिहाई यूक्रेन में बंद रूसी कैदियों से जुड़े समझौते का हिस्सा थी या नहीं। जेलेंस्की ने बताया कि जिन लोगों को रिहा किया गया है, उनमें से कुछ 2017 से जेल में हैं। इन लोगों को पूर्वी यूक्रेन के रूसी नियंत्रित हिस्सों से गिरफ्तार किया गया था। रूस ने 2014 से ही क्रीमिया प्रायद्वीप के साथ चार यूक्रेनी क्षेत्र- डोनेट्स्क, खेरसॉन, लुगांस्क और जापोरिजिया पर कब्जा किया हुआ है।

रिहा किए गए पांच लोगों को बेलारूस से गिरफ्तार किया गया था। इन पर रूसी सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाकर कीव की सेना की सहायता करने का आरोप था। मुक्त किए गए इन लोगों में एक वरिष्ठ क्रीमियन तातार राजनेता नरीमन जेलाल और यूक्रेनी ग्रीक कैथोलिक चर्च के दो पुजारी शामिल थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना द्वारा बंदी बनाए गए सभी लोग रिहा होकर यूक्रेन में अपने घर वापस आ गए हैं।

# अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बाइडन-ट्रंप के बीच गरमागरम बहस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। नवंबर में होने वाले चुनाव को लेकर मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच गुरुवार को पहली प्रेसिडेंशियल बहस हुई। दोनों ने करीब 75 मिनट तक एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए और निजी हमले भी किए।



राष्ट्रपति बाइडन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच दूसरी बहस 10 सितंबर को आयोजित की जाएगी। अमेरिकी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रेसिडेंशियल बहस एक अहम कड़ी मानी जाती है। इस बहस में दोनों उम्मीदवार एक-दूसरे की कमजोरियों को उजागर करने की कोशिश करते हैं।

अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव भारत के आम चुनाव से काफी अलग होता है। भारत में पार्टियां आम चुनाव में बहुमत हासिल करने की कोशिश करती हैं। बहुमत वाले दल या गठबंधन के सांसद अपना नेता चुनते हैं। चुना हुआ नेता प्रधानमंत्री बनता है। अमेरिका में ठीक इसके उलट है। यहां की दो प्रमुख पार्टियां रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी राष्ट्रपति उम्मीदवार के चयन को लेकर भी जनता के बीच जाती हैं। अमेरिका में द्विदलीय व्यवस्था है, भारत की तरह अमेरिका में बहुदलीय व्यवस्था नहीं है।

**चीन से आने वाला नशीला पदार्थ फेंटानिलः** एंकरों ने नशे की ओवरडोज से बढ़ रही मौतों पर सवाल किया तो ट्रंप ने कहा, बाइडन के कार्यकाल में देश को बहुत नुकसान हुआ है। इनको चीन से पैसे मिलते हैं। वे एक मंचूरियन कैंडिडेट हैं। इसका जवाब देते हुए बाइडन बोले-ट्रंप के आरोप झूठे हैं।

# पाकिस्तान ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 18,877 अरब के बजट को मंजूरी

**वाशिंगटन।** वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की संसद ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 18,877 अरब रुपये के बजट को मंजूरी मिल गई है। हालांकि विपक्ष ने इसका विरोध किया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह आईएमएफ के द्वारा दिया गया बजट है, जो कि जनता के लिए हानिकारक है।



### बिलावल की पार्टी के समर्थन से मिली मंजूरी

वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने सदन की मंजूरी के लिए प्रस्ताव पेश किया था, जिसे पूर्व विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के समर्थन से मंजूरी मिल गई। बजट के मुताबिक सकल राजस्व प्राप्तियां का अनुमान लगभग 17,815 अरब रुपये है, जिसमें कर राजस्व 12,970 अरब रुपये और गैर-कर राजस्व 4,845 अरब रुपये शामिल है।

हालांकि राज्यों का हिस्सा लगभग 7,438 अरब रुपये होगा। जबकि अगले वित्तीय वर्ष के दौरान विकास लक्ष्य 3.6 प्रतिशत निर्धारित किया गया था। बजट में मुद्रास्फीति 12 प्रतिशत, जीडीपी का बजट घाटा 5.9 प्रतिशत और जीडीपी का प्राथमिक सरप्लस एक प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है।

### विपक्ष बोला- जनता के हितों की अनदेखी की गई है

पाकिस्तान नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गोहर अली खान और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के नेता अली मुहम्मद ने साथ मिलकर बजट का विरोध किया और कहा कि इस बजट बनाते समय जनता के हितों को ध्यान में नहीं रखा गया है।

# तबाह हो चुके गाजा में एक यूएन मानवीय सहायताकर्मी का सफर

**फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन एजेंसी में वरिष्ठ संचार अधिकारी, लुइस वॉटरिज ने बताया कि आप उत्तरी गाजा, मध्य इलाके और दक्षिणी गाजा से बमबारी, धमाकों को सुन सकते हैं। गाजा अब पृथ्वी पर वास्तव में नर्क है, यहां बहुत ही गर्मी है...कचरा हर जगह बिखरा पड़ा है, लोग प्लास्टिक शीट के नीचे रह रहे हैं, जहां तापमान और बढ़ जाता है।**





**गाजा।** पिछले 9 महीनों से युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में प्रवेश करना बेहद चुनौतीपूर्ण है और वहां सहायता आपूर्ति व ईंधन की किल्लत के बीच मानवीय सहायताकर्मी एक कठोर वास्तविकता का सामना कर रहे हैं। मौजूदा हालात में जरूरतमंदों तक अतिआवश्यक राहत पहुंचाने के लिए उनके पास सीमित साधन हैं। यूएन सहायताकर्मी लुइस वॉटरिज ने गाजा वापस पहुंचने के बाद यूएन न्यूज को शुक्रवार को यह जानकारी दी है।

फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन एजेंसी (UNRWA) में वरिष्ठ संचार अधिकारी, लुइस वॉटरिज ने बताया कि आप उत्तरी गाजा, मध्य इलाके और दक्षिणी गाजा से बमबारी, धमाकों को सुन सकते हैं। गाजा अब पृथ्वी पर वास्तव में नर्क है, यहां बहुत ही गर्मी है...कचरा हर जगह बिखरा पड़ा है, लोग प्लास्टिक शीट के नीचे रह रहे हैं, जहां तापमान और बढ़ जाता है।

सात अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइल पर हमास व अन्य चरमपंथी गुटों के आतंकी हमलों और लोगों को बंधक बनाए जाने के बाद, इस्राइली सैन्य बलों ने बड़े पैमाने पर गाजा में जवाबी कार्रवाई शुरू की, जिससे बड़ी संख्या में फलस्तीनी हताहत हुए हैं और एक विशाल मानवीय संकट उपजा है। गुरूवार को दक्षिणी गाजा में स्थित केरेम शेलॉम सीमा चौकी पार करने के बाद, लुइस वॉटरिज ने कहा कि नजदीक में स्थित रफा शहर बर्बाद हो चुका है।

इससे पहले, उन्होंने मई महीने में गाजा का दौरा किया था जहां रफा उनका शिविर था। उस समय इस्राइली सेना ने इस अहम सीमा चौकी को अपने नियंत्रण में ले लिया था, जिससे गाजा में राहत पहुंचाने में अवरोध खड़े हो गए थे। यूएन सहायताकर्मी ने वहाँ से जब मध्य गाजा में स्थित अपने शिविर तक का सफर शुरू किया तो उन्हें रास्ते में भी बबार्दी के वही दृश्य दिखाई दिए। खान युनिस से होकर गुजरना स्तब्धकारी था...यह एक वीरान शहर बन चुका है, हर चीज बर्बाद हो चुकी है।

अब, ऐसे बहुत से परिवार हैं जो इन बर्बाद, खंडहर हो चुकी इमारतों में रह रहे हैं। जहां दीवारें पूरी तरह टूट चुकी हैं, वहां कंबल या प्लास्टिक शीट लगा ली गई है। लुइस वॉटरिज ने उन खबरों की पुष्टि की है कि नौ महीनों से जारी भीषण इस्राइली बमबारी के बाद कानून-व्यवस्था दरक चुकी है। गाजा में आम नागरिकों के जीवन में विशाल उठापठक हुई है। जरूरतमंद फलस्तीनी भोजन की तलाश में मानवीय राहत ट्रकों के केरेम शेलॉम चौकी को पार करने के बाद रास्ते में ही रोकने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

जब हम पहुंचे तो सड़क पूरी तरह से लूटपाट कर रहे लोगों से भरी थी। हम वहां उसी समय आए, जब कुछ राहत ट्रक पहुंचे थे, और सैकड़ों हथियारबंद व्यक्ति उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। हमने जिन ट्रकों को रास्ते में पार किया, वे बुरी तरह क्षतिग्रस्त थे, उनकी विंडस्क्रीन चकनाचूर हो चुकी थी...ये पूरी तरह से अराजकता जैसा महसूस हुआ।

### हर एक इमारत ध्वस्त या क्षतिग्रस्त

लुइस वॉटरिज ने बताया कि गाजा पट्टी में केरेम शेलॉम चौकी से खान युनिस, डेयर अल बालाह और उससे परे अन्य इलाकों में यूएन केंद्रों पर भारी क्षति हुई है। बमबारी के कारण कई इमारतों में विशाल गढ्ढे और छेद हो गए हैं। हर एक UNRWA सुविधा केंद्र-स्कूल, भंडारण व्यवस्था, खाद्य वितरण इत्यादि को बहुत क्षति पहुंची है या वे बर्बाद हो गई हैं।

गोलियों के निशान, टूटी हुई दीवारें, एक-दूसरे के ऊपर ध्वस्त हो चुके फर्श, आप सोच नहीं सकते हैं कि ये सभी अंतरराष्ट्रीय कानून के अन्तर्गत संरक्षित यूएन केन्द्र थे।

# अमेरिका ने गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इस्राइल को भेजे हजारों विनाशकारी बम

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अधिकारियों ने खुलासा किया है कि बाइडन सरकार ने 7 अक्तूबर से शुरू हुए गाजा युद्ध के बाद से अब तक इस्राइल को हजारों विनाशकारी बम और गोला-बारूद भेजे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका द्वारा इस्राइल को भेजी गई हथियारों की खेप में 14 हजार दो हजार पाउंड वजनी एमके-84 विनाशकारी बम, 6,500 पांच सौ पाउंड के बम, तीन हजार हेलफायर मिसाइल, एक हजार बंकर तबाह करने वाले बम, 2600 हवा से जमीन पर मार करने वाले छोटे बम और अन्य गोला बारूद शामिल हैं। अमेरिका ने अभी तक इस्राइल को भेजे हथियारों की सूची सार्वजनिक नहीं की थी।

अमेरिकी अधिकारियों ने इस्राइल को हथियार भेजने की समयसीमा का खुलासा नहीं किया है और ये भी बताया कि अभी भी अमेरिका द्वारा इस्राइल को हथियार भेजने में खासी कमी नहीं आई है। यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस्राइल को हथियार न भेजने की अपील कर रहा है और खुद अमेरिका ने भी इस्राइल को बड़े और विनाशकारी हथियारों को भेजने पर बीते दिनों रोक लगा दी थी। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के हथियार विशेषज्ञ टॉम कराको ने बताया कि, हथियारों की यह सूची स्पष्ट रूप से हमारे इस्राइली सहयोगियों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के समर्थन को दशार्ती है।

गाजा युद्ध की शुरूआत से ही इस्राइल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है, और चिंता है कि इस्राइल और हिजबुल्ला में पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। बुधवार को बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि वाशिंगटन ने 7 अक्टूबर से इस्राइल को 6.5 बिलियन डॉलर के हथियार भेजे हैं। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल के हफ्तों में दावा किया कि वाशिंगटन हथियार रोक रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया सपा राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव का जन्मदिन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव का 78वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वैशाली सेक्टर 4 स्थित कृष्णा भवन में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में स्वयं प्रोफेसर रामगोपाल यादव पहुंचे। उन्होंने जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित हवन में भाग लिया। इस अवसर पर उनके सैकड़ों समर्थकों ने उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए हवन में आहुति दी। जन्मदिन के अवसर पर केक भी काटा गया और सभी ने प्रोफेसर रामगोपाल यादव को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद, क्राइम। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सदस्य बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने पूर्वी दिल्ली के सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा के दिल्ली स्थित निवास स्थान पर जाकर मंत्री बनने पर बधाई दी और स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ के साथ पटका पहनाकर सम्मानित किया।

## अधिवक्ता परिषद ब्रज की नई कार्यकारिणी का गठन किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अधिवक्ता परिषद ब्रज की गाजियाबाद इकाई की एक बैठक बार सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष नरोत्तम गर्ग वरिष्ठ अधिवक्ता मेरठ द्वारा की गई तथा बैठक का संचालन मोहनीश जयंत द्वारा किया गया। इस अवसर परअधिवक्ता परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें श्रद्धा चौहान को अध्यक्ष, प्रमोद टीटोरिया, ज्ञानेंद्र शर्मा, संजीव त्यागी को जिला उपाध्यक्ष, अरुण कुमार को महामंत्री, मोहनीश जयंत को कोषाध्यक्ष, अतुल्य त्यागी, अशोक शर्मा एवं आशीष सिरोही को मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सारिका त्यागी, आभा वर्मा, संजीव गर्ग, आलोक कुमार, पूजा वरुण एव





भारती शर्मा चुने गये। विशेष आमंत्रित सदस्यों में वरुण त्यागी, गीता सिंघल, राजीव गुप्ता, नितिन शर्मा को नियुक्त किया गया।

इसके अतिरिक्त वरिष्ठ अधिवक्ता के.पी. सिंह एवं राजवीर त्यागी को इकाई का संरक्षक का दायित्व सौंपा गया। नरोत्तम गर्ग नेअध्यक्ष महामंत्री एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को उनके दायित्व से परिचय कराते हुए बताया कि अध्यक्ष एक संरक्षक के रूप में कार्यकर्ता है जो सभी कार्यकताओं का ध्यान रखते हुए सबको साथ लेकर चलता है।

इससे प्रारंभ में अधिवक्ता परिषद के क्षेत्र संयोजक (लिटिगेशन) विपिन त्यागी ने उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में कोई भी पद कार्यकर्ता के पद से बड़ा नहीं होता क्योंकि संगठन का निर्माण अच्छे कार्यकर्ता से होता है तथा अच्छे कार्यकर्ता ही संगठन को आगे लेकर चलते हैं और संगठन अपने उद्देश्यों को प्राप्त करता है। इस मौके पर स्वाध्याय मंडल का भी आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ता ब्रहमदेव त्यागी, तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष वेदपाल कुशवाहा, मनु गोस्वामी, वंदना सेंगर, नरेश चौधरी, सुनीता वर्मा, चंचल गुप्ता, गौतम त्यागी, सोमेश त्यागी, संजीव तिवारी, शबनम खान, रूबी, राकेश कुमार, शालू, शिवानी, प्रमोद, सहित अन्य सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल की विद्यार्थी परिषद का गठन हुआ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों में छिपी नेतृत्व क्षमता को उभारने के लिए स्कूल की विद्यार्थी परिषद का गठन शनिवार को किया गया। विद्यार्थी परिषद में कुल 158 विद्यार्थियों को शामिल किया गया जिन्हें नौ भागों में विभाजित किया गया। परिषद में आठों विभिन्न हाउसों के कप्तान व उप कप्तान सांस्कृति, शैक्षणिक, खेलकूद, तकनीकी, पर्यावरण व स्कूल नेतृत्व शामिल किया गया। सीनियर स्कूल से तेजस्व वशिष्ठ को हैड बॉय व रिया सक्सेना को हैड गर्ल घोषित किया गया। प्राइमरी स्कूल




से शिवांश रे को हैड बॉय व शनाया सक्सेना को हैड गर्ल बनाया गया। कार्यकम के प्रारम्भ मे ए स्वागत भाषण में स्कूल की एग्जीक्यूटिव हैड़ सुसन होम्स ने आमंत्रित अभिभावकों का अभिनंदन किया।

उन्होंने चयनित विद्यार्थी परिषद को शुभाशीष देते हुए उनमें आशा और विश्वास जताया। सभी चयनित छात्रों को बैज लगाकर व प्रमाण.पत्र देकर सम्मानित किया। गत वर्ष के हैड बॉय अक्स कौशिक व हैड गर्ल प्रत्यक्षा सरोज ने अपने उत्तरदायित्वों को सौंपते हुए विद्यार्थी परिषद को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। अन्त में धन्यवाद भाषण में सीनियर विंग हैड़ मंजुला सिंह ने चयनित विद्यार्थी परिषद व अभिभावकों का धन्यवाद किया।

## नए कानून को लेकर एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने की नागरिकों के साथ बैठक

**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** एक जुलाई से पुलिस में नया कानून लागू होगा। इसके तहत अब एफआईआर भी नई धाराओं में होगी। इस नए बदलाव के बाद इंदिरापुरम पुलिस को कई मामलों में सजग होना पड़ेगा। कौशाम्बी पुलिस इस नयी व्यवस्था को लागू कराने में हर सम्भव प्रयास में जुटी हुई है। कानून की नई धाराओं को लेकर जिले के सभी पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रशिक्षणा में बताया गया कि कानून की धाराओं में जो कुछ बदलाव किए जा रहे हैं उसे पुलिसकर्मी अच्छे से जान लें। नए कानून में कई धाराओं को हटाया गया





है जिन धाराओं की आवश्यकता है वे ही कार्य में लाई जाएंगी। पुलिस भी नए कानून को बेहतर तरीके से समझ रही है।

नए कानून में कुछ धाराओं को नए नाम भी दिए गए हैं। कुछ अपराध में सजा बढ़ाई गई है तो कुछ में कम की गई है। एसीपी स्वतन्त्र कुमार सिंह ने कहा कि नए कानून से आम जनता लाभान्वित होगी। 1 जुलाई से नया कानून लागू होगा। इसके लिए सभी थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं ताकि आमजनों को इसका लाभ बेहतर तरीके से मिल सके। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा कौशांबी की समस्याओं को भी इन सबके सामने रखा।

इन समस्याओं में कौशांबी के अंदर के मार्गों से ऑटो का चलन होना, अवैध रूप से प्राइवेट व्हीकल द्वारा लंबे रूट की सवारी कौशांबी से लेकर जाना, एंजेल मॉल स्थित पब बार का समय से ज्यादा चलना एवं11:00 के बाद अवैध रूप से वेब पिक्चर हॉल से लेकर आनंद विहार तक खाने पीने का बाजार लगे रहने से क्षेत्र में घटनाएं होती हैं।

## भाजपा का शहर मंडल में पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शहर मंडल में गीता- संजय पार्क जगदीश नगर के एफ ब्लॉक के अलावा पांच बूथों पर पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेत्री सुषमा गंगवार ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। पौधरोपण कार्यक्रम में महिला मोर्चा की अध्यक्ष शिरोमणि त्यागी, कुमारी मानसी चौहान, पूर्व पार्षद लवली कौर, मीना गांधी, विनीता पाल, डॉक्टर संदीप सिंघल, भूषण यादव, अनिल जिंदल, शोभित शर्मा, पार्षद राकेश त्यागी, क्षेत्रीय महामंत्री



भाजपा प्रदीप चौहान वाल्मीकि उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों में सत्यवती चौहान, ममता अग्रवाल, कविता भाटी आदि ने भी शिरकत की।

## कौशल विकास मिशन की बैठक में सीडीओ ने दिये दिशा-निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में प्रशिक्षण हेतु महत्वपूर्ण



सेक्टर का चयन औद्योगिक इकाइयों की मांग के अनुसार किया जाये, जिससे कि प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अन्तर्गत समस्त इकाइयों को नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर वैकेंसी क्रिएट करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। जनपद के युवाओं को जनपद में ही रोजगार मिल सके इसके लिए युवा अप्रेंटिसशिप के पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें, जिससे उन्हें उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर रोजगार मिल सके।

बैठक में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केंद्र, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला आरयूडीएसईटीआई के प्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी डूडा, क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रधानाचार्य नोडल पॉलिटेक्निक, निदेशक जन शिक्षण संस्थान, जिला समन्वयक, प्रधानाचार्य नोडल आईटीआई उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के एमआईएस मैनेजर एवं डाटा ऑपरेटर एवं जनपद के औद्योगिक इकाइयों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने के लिए विजयनगर तथा वसुंधरा जोन में चला निगम का बुलडोजर

### नालों से भी अवैध अतिक्रमण को हटाया गया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।।** नगर निगम समय समय पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाता रहत है। इसी क्रम में नगर आयुक्त के निर्देश पर विजयनगर तथा वसुंधरा जोन में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बुलडोजर के माध्यम से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया, साथ ही अवैध विज्ञापन बोर्ड भी हटाए गए। विजयनगर के अंतर्गत सेक्टर 12 प्रताप विहार मेडिकल रोड पर अभियान चलाया गया जहां नालों के ऊपर हुए अवैध अतिक्रमण को भी हटाया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अतिक्रमण हटाते ही नाले की सफाई कराई। वसुंधरा जोन अंतर्गत सेक्टर 11 से लेकर सेक्टर 15 तक मार्केट एरिया में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई। अभियान से पूर्व अनाउसमेंट भी कराया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समस्त जोन में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश संबंधित सभी विभागों को दिए हैं जिसमें नालों के ऊपर पक्के निर्माण को निर्माण विभाग तथा जोनल प्रभारी को संयुक्त रूप से टीम बनाकर हटाने के निर्देश दिए गए। जल भराव ना हो इसके लिए भी नगर आयुक्त द्वारा नालों के ऊपर स्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देशित किया गया है।




## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने चंद्रपुरी स्थित स्कूल का किया निरीक्षण


**कहा-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास से ही मजबूत बनेगा समाज**
**निगम के सभी स्कूलों में झूले व ओपन जिम की व्यवस्था करन के दिये निर्देश**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर पालिका बालिका विद्यालय चंद्रपुरी का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त ने स्कूल के स्टाफ से वार्ता की तथा संबंधित अधिकारी को मौके पर ही निगम द्वारा संचालित किये जा रहे स्कूलों में झूले लगाने तथा ओपन जिम लगाने की निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कक्षा में छात्राओं के बैठने की व्यवस्था, प्लेग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य तथा अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को छात्राओं के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए जिसके क्रम में नियमित व्यायाम एक्टिविटी करने के लिए कहा। सभी स्कूलों की छात्राओं का हेल्थ चेकअप लगातार कराते रहने के लिए कहा गया, बालिकाओं के सर्वांगीण विकास से ही समाज को मजबूती मिलेगी, जिसके लिए ओपन जिम भी लगवाने के लिए निर्देश दिए गए। 7 स्कूल गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित किया जा रहे हैं जिसमें लगभग 6000 से अधिक



छात्राएं हैं। चंद्रपुरी, सिहानी, कैला भट्टा, मकनपुर, साहिबाबाद, महरौली, कुटी भोपुरा के सभी स्कूलों में उच्च शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। कॉमर्स विज्ञान तथा मानविकी विषयों पर छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है। स्कूल की प्रधानाचार्य अंतिमा चौधरी द्वारा बताया गया कि सभी स्कूलों में क्लीनिक की सुविधा को भी स्थाई रूप से किया गया है जिसमें बालिकाओं का समय-समय पर पूरे वर्ष हेल्थ चेकअप, ब्लड चेकअप होता है और आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी दी जाती हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, जो कि गाजियाबाद नगर निगम का सराहनीय प्रयास है बालिकाओं का स्वास्थ्य सही रहे, मानसिक विकास भी सुदृढ़ हो इसके लिए लगातार स्कूल की अध्यापिका तथा प्रधानाचार्यनजर बनाये रहते हैं।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उदिता त्यागी का व्यक्तित्व कई आयामों को अपने आप में समेटे है। वो डॉक्टरेट हैं और उच्च शिक्षित हैं। उनकी रूचि कत्थक नृत्य में है तो राजनीति में उनका अपना एक मुकाम है। इन दिनों उदिता त्यागी पूरी तरह से अध्यात्म और धर्म की राह पर हैं। लगातार वो सनातन धर्म और संस्कृति के कल्याण की कामना के साथ यज्ञ हवन आहुति दे रही हैं। 81 दिन से लगातार उनका क्रम जारी है। उदिता त्यागी ने जब अपने धर्म के पहलू को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।